## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक में आपसी समझौतों से विवादों का किया जायेगा निराकरण

**कटनी।** नेशनल लोक अदालत प्रदेश भर में शनिवार 11 मई, 2024 को हाई कोर्ट परिसर जबलपुर और ग्वालियर, इंदौर बैंच में आयोजित की जा रही है। नेशनल लोक अदालत में सभी तरह के कम्पाउण्डेवल मामलों के निराकरण का प्रयास किया जायेगा जिसमें मध्यप्रदेश सरकार पक्षकार है। लोक अदालत में दोनों पक्षकारों की संतुष्टि के साथ लंबित मामलों का निराकरण किया जायेगा। लोक अदालत में मुख्य रूप से आपराधिक समझौता योग्य प्रकरण, धन वसूली संबंधित प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावे से संबंधित मामले, श्रम एवं रोजगार विवादों से संबंधित मामले, बिजली, पानी और अन्य बिल भुगतान से संबंधित मामले, वैवाहिक विवादों से संबंधित मामले (तलाक को छोड़कर), भूमि अधिग्रहण से संबंधित मामले, वेतन-भत्ते और सेवानिवृत्ति लाभ के सेवा मामलों से संबंधित प्रकरणों के साथ राजस्व से संबंधित मामलों के निराकरण के प्रयास भी किये जायेंगे। नेशनल लोक अदालत के संबंध में विधि-विधायी विभाग द्वारा राज्य सरकार के विभिन्न विभागों के प्रमुख सचिव और सचिव को पत्र लिखा गया है।

### भू- राजस्व का बकाया जमा नहीं करने पर जमीन होगी कुर्क

**कटनी।** जिले मे राजस्व वसूली के कार्य मे तेजी लाने के कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर राजस्व वसूली का कार्य सतत रूप से जारी है। इसी क्रम में बिलहरी क्षेत्र के चिखला ग्राम के वृंदावन कॉलोनी के संजय कुमार श्रीवास्तव द्वारा 2 लाख 34 हजार 252 रूपये की भू - राजस्व बकाया राशि जमा नहीं करने पर राजस्व राशि की वसूली हेतु 30 अप्रैल को प्रातः 11 बजे ग्राम चिखला स्थित खसरा नंबर 389/3 रकवा 2 हेक्टेयर पर बकाया राशि की वसूली हेतु कुर्की की जायेगी। भू - राजस्व वसूली के लिए संबंधित भूमि की सार्वजनिक नीलामी द्वारा बिक्री की जायेगी। यह जानकारी तहसीलदार बिलहरी आशीष चतुर्वेदी द्वारा दी गई।

### अधिकारी एवं कर्मचारियों को किया गया कार्यमुक्त

**कटनी।** लोकसभा निर्वाचन के 2024 अंतर्गत संसदीय क्षेत्र 8 खजुराहो विधानसभा क्षेत्र 92 विजयराघवगढ 93 मुडवारा एवं 94 बहोरीबंद तथा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 12 शहडोल विधानसभा क्षेत्र 91 बडवारा में मतदान सम्पन्न हो गया है। अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा समस्त स्थैतिक निगरानी दलों में लगे अधिकारी एवं कर्मचारियों को बीते शनिवार को पूर्वान्ह में कार्यमुक्त किया जाकर समस्त स्थैतिक दल प्रभारियों को अपने संपूर्ण अभिलेख एवं दस्तावेज निर्वाचन व्यय मानीटरिंग प्रकोष्ठ (कक्ष क्रमांक 43) में तत्काल जमा कराने हेतु निर्देशित किया गया है। उल्लेखनीय है कि कार्यालयीन आदेश द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 में संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 8-खजुराहो विधानसभा क्षेत्र 92 विजयराघवगढ 93-मुडवारा एवं 94 बहोरीबंद एवं संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 12-शहडोल विधानसभा क्षेत्र 91 बडवारा हेतु अधिसूचना तिथि से निर्वाचन समाप्ति तक जिला बार्डर पर अवैध मदिरा नकदी अवैध हथियार मतदाताओं के प्रलोभन हेतु उपयोग की वस्तुओं के परिवहन पर नियंत्रण रखने हेतु स्थैतिक निगरानी दलों एसएसटी टीम का गठन किया गया था।

### आज शिविर लगाकर किया जायेगा समाधान

**कटनी।** कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) द्वारा शहर में कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए आज 29 अप्रैल को नगर निगम कार्यालय कटनी में शिकायत निवारण अदालत 'निधि आपके निकट' शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर ईपीएफओ से जुड़े कार्यों के लिए लगाया जाएगा। नगर निगम एवं अन्य विभागों में कार्यरत कर्मचारी पीएफ से जुड़ी समस्या का मौके पर ही समाधान पा सकते है।

---

### अग्नि हादसे की स्थिति में बन सकती है भयावह स्थिति, जिम्मेदार बेपरवाह

# तंग गलियों में हो रहा करोड़ों का कारोबार सुरक्षा मानक दरकिनार, नियम तार तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गर्मियों के इन दिनों में अग्निहादसो में बढ़ोत्तरी हो जाती है। मामूली चिंगारी भी भयावह हादसे के रूप में सामने आ सकती है। इस हादसो से बचने और जनधन की क्षति टालने के उद्देश्य से नियम कायदे बनाये गये है लेकिन नगर में सुरक्षा मानको की अनदेखी करते हुये खुलेआम तंग गलियों में ऐसे व्यवसाय चल रहे है जहां अंदर तक आपात स्थिति में फायर वाहन नही पहुंच सकता। तंग गलियों में संचालित होने वाली दुकानों व गोदामों में आग बुझाने कोई इंतजाम नहीं हैं। होने वाले उपायों पर सवाल उठ रहे हैं।

शहर मुख्यालय में कई ऐसे बाजार हैं जहां हर माह करोड़ों रुपये का कारोबार हो रहा है। इन बाजार में अगर सुरक्षा उपायों की बात की जाए तो जिम्मेंदारों की बेपरवाही का आलम यह है कि जरुरत पड़ने पर कई गलियों में फायर ब्रिग्रेड का वाहन ही नहीं घुस पाएगा। मार्केट की हकीकत परखी जाए तो कदम कदम पर लापरवाही के कई उदाहरण सामने आएंगे।



शहर के बाजारों में फायर फाइटिंग का इंतजाम तो छोड़िए, फायर ब्रिगेड की गाड़ियों के पहुंचने के लिए रास्ता तक नहीं है। लापरवाही ऐसी कि एक चिंगारी ही सबकुछ खाक कर दे। शहर के पुराना कमानिया गेट से सब्जी मंडी मोड़ तक फैला मार्केट, बिलैया तलैया मोड़ से लेकर कारगिल चौक तक का मार्केट, गोलबाजार, सुभाष चौक, झूलेलाल मार्केट एरिया, सब्जी मंडी रोड, गुरुनानक वार्ड, सालीमार मार्केट स्टेशन चौराहा के समीप, मिर्चीमल गली मुख्य मार्ग स्टेशन रोड, कारगिल चौक से गजानन टॉकीज रोड, झंडा बाजार एरिया संतोषी माता मंदिर के आसपास, कपड़ा बाजार, सुभाष चौक ऑटो स्टैंड के समीप, घंटाघर से लेकर चांडक चौक तक गलियों का मार्केट, आजाद चौक तक गलियों में बाजार फैला हुआ है। तंग गलियों में बनी दुकानों में बड़े व छोटे अग्निशमन वाहन नहीं पहुंच सकेंगे। प्लास्टिक, तेल-घी, माचिस, परचून, फुटवेयर, कपड़ा, सहित कई ज्वलनशील चीजों से बाजार अटा पड़ा है। दुकानों, गोदामों में आग बुझाने का कोई इंतजाम नहीं है। नियमों को ताक में रखकर गोडाउन के स्थान पर शोरूम संचालित हो रहे हैं। गिनी-चुनी दुकानों पर फायर इस्टिंग्यूशर की व्यवस्था है। मार्केट में तारों के फैले जाल से रोजाना शॉर्ट सर्किट का खतरा रहता है। सड़क पर पार्किंग, इमरजेंसी के दौरान बच निकलने की जगह का अभाव रहता है। सुरक्षा उपकरणों के साथ व्यवसायिक गतिविधियों का संचालन तो ठीक है लेकिन सिर्फ मुनाफे की फिक्र में कही पर भी दुकानदारी चलाकर जोखिम मोल लेना न स्वयं और दूसरो के लिये भी हितकारी है।

गांधी द्वार जैसी तंग गलियों में होटलो सहित अन्य दुकानों का संचालन हो रहा जहां खतरा मंडराता रहता है। यहां तो आगजनी की स्थिति में फायर वाहन के पहुंचने लायक तक जगह नही बची है। यहां दिन भटटियां धधकती रहती है। जिस स्थान में दिन में भटटिया जलती है आसपास अन्य दुकाने बगल से स्कूल भी है। यहां सुरक्षा के कोई इंतजाम नही है। हादसों से निबटने सुरक्षा इंतजामों में लापरवाही भारी पड़ सकती है।

---

# पखवाड़े भर से धनवाही में बिजली का बना रोना

### खेतों में मशीनें चालू करते ही गुल होने लगती हैं घरों की बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा



भीषण गर्मी में बिजली संकट खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। पिछले 15 दिनों से धनवाही गांव में बिजली का रोना लगा है।रात के बिजली जुगनू जैसे जलने लगती है। रात के समय में पर्याप्त बिजली गांव के लोंगों ने नहीं मिल पाती है। जिससे कि गर्मी में रात के समय ग्रामीण परेशान रहते हैं। ग्रामीणों ने बताया कि धनवाही में लगे बिजली ट्रांसफार्मर से गांव के लोगों के कनेक्शन किये गए हैं। ताकि लोंगों के घरों तक बिजली पहुँचे।

#### झेलनी पड़ रही मुसीबत

दिन में ग्रामीण किसी तरह से गुजारा कर लेते हैं,लेकिन रात के समय में ग्रामीणों को बड़ी तकलीफ झेलनी पड़ती है। ग्रामीणों ने बताया कि किसान भाई खेतों में फसलो की सिंचाई के लिए मशीन चलाते हैं। इसके लिए उसी ट्रांसफार्मर से बिजली तार खींचते हैं। जिससे कि ट्रांसफार्मर में लोड अधिक बढ़ जाता है। खेतों में भी बिजली आपूर्ति होने से घरों में जल रहे बल्ब धीमे हो जाते हैं। गर्मी के दिनों में इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के साथ कूलर पंखा भी ग्रामीण चलाते हैं लेकिन खेतों की मशीनें चालू होते ही घरों के पंखे कूलर सभी उपकरण बन्द हो जाते हैं। बिजली कटौती को लेकर भी ग्रामीण परेशान हैं।

बिजली का लोड बढ़ने से बिजली ट्रिप कर जाती है। लोड बढ़ने से ट्रांसफार्मर के जंपर भी कट जाते हैं और ट्रांसफार्मर खराब हो जाता है। फिर ग्रामीण बिजली के लिए ही परेशान होने लगते हैं।

---

### हरदी गांव में बीते 15 दिनों से ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी

# हैंडपंप खराब, पानी के लिए परेशान हो रहे ग्रामीण, ध्यान नहीं दे रहे जिम्मेदार



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढीमरखेड़ा


हरदी गांव के प्रवेश होते ही वार्ड नं पांच में लगा हैंडपंप बीते 15 दिनों से खराब हैं। इसकी वजह से ग्रामीणों को शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है। लोगों को इधर-उधर की भागदौड़ करनी पड़ रही है। किसी तरह थोड़ा बहुत पानी की व्यवस्था कर लोग काम चलाने को विवश हैं। हैंडपंप ठीक न कराए जाने से ग्रामीणों में जिम्मेदारों के प्रति रोष गहराता जा रहा है।लोगों का कहना है कि बार-बार ग्राम पंचायत और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराने के बाद भी हैंडपंप की मरम्मत नहीं कराई जा रही है। इससे पानी के लिए परेशान होना पड़ रहा है। गांव के श्याम लाल लोधी और माया बाई लोधी ने बताया कि गर्मी में हैंडपंप खराब होने से पानी की ज्यादा दिक्कत होती है। मोहल्ले में एक ही हैंडपंप है,वो भी खराब हो गया है। ऐसे में दूसरे मोहल्ले से पानी लाना पड़ता है। जिससे कि उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है।

वहीं गांव की बुजुर्ग भूंटी बाई लोधी और शीला बाई लोधी ने बताया कि हैंडपंप तो घर के पास लगा है लेकिन बन्द होने से बड़ी मुसीबत है।10-15 मिनिट तक हैंडपंप चलाने से बूंद बूंद पानी निकलने लगता है।इतने समय में एक डब्बे में पानी भर पाता है। ऐसे में हम बुजुर्ग लोग तो थक जाते हैं। खेतों में लगे बोर से पानी भरते हैं। गर्मी के मौसम में हैंडपंप खराब होने से मोहल्ले के लोगों को परेशानी तो है।

महिलाओं ने बताया कि उन्हें नल जल योजना का लाभ भी नहीं मिल रहा है।

---

### ग्रामीण मार्गों में भी मवेशियों से चालक परेशान



ग्रामीण अंचलों के मुख्य मार्गों में भी आवारा मवेशियों के कारण वाहन चालकों ही नहीं, राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सड़क पर विचरण कर रहे इन मवेशियों के कारण आए दिन छोटी-बड़ी सड़क दुर्घटनाएं हो रही हैं, पर इस ओर न तो प्रशासन का और न ही किसी संगठन का ध्यान जा रहा है। अगर इस पर नियंत्रण नहीं पाया तो इससे न केवल पशुधन की क्षति होगी, बल्कि राहगीरों का भी जान-माल नुकसान होगा। वाहन चालकों को सबसे ज्यादा रात के समय समस्या होती है। बीच सड़क पर झुंड बनाकर बैठे रहते हैं या अचानक से सड़क पर आ जाते हैं ऐसे में तेज गति से आवागमन वाले वाहन चालकों को ये जानवर दिखाई नहीं देते जिसके कारण दुर्घटना होती है।

---

# फिल्म के माध्यम से बच्चों को गुड और बैड टच की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

सनशाइन अकादमी रायबाड़ा में विगत दिवस बच्चों को अपने बचाव के लिए फिल्म दिखाकर जागरूक किया गया। प्रारम्भिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों को गुड टच और बाद टच पर आधारित फिल्म के माध्यम से बचाव की जानकारी दी गई। एनिमेटेड फिल्म के माध्यम से गुड और बाद टच क्या होता है, इससे कैसे बचाव करें इसकी जानकारी छात्रों को दी गई। फिल्म में बताया गया की शरीर के नो टच एरियाज़ को जाने, गलत हरकत पर शोर मचाएं, गलत हरकत करने एवं उनके स्पर्श स्पर्श में छुपी मंशा को फिल्म में दर्शाया गया। फिल्म को दिखाने के पीछे का उद्देश्य बच्चों को आत्मरक्षा में सक्षम बनाना है।



वीडियो फिल्म में बच्चों को 'नो टच एरियाज़ के साथ बताया गया की यह शरीर केवल आपका है और कोई बिना बताये उसे छूता है तो आप विरोध करें। बच्चों को बताया गया की उनके शरीर के ख़ास हिस्सों को छूने की इजाज़त किसी को नहीं है। अनजान व्यक्ति पर भरोसा न करें कोई गलत हरकत करे तो तुरंत शोर मचाएं। इसकी जानकारी तुरंत अभिभावक व टीचर को दें। सभी शिक्षिकाओं ने बच्चों को यह जानकारी प्रदान की बच्चों के बेहतर प्रदर्शन व उज्ज्वल भविष्य की कामना की। शिक्षिकाओ के सहयोग से कार्यक्रम सफल रहा।

---

### चार पालियों में की जाएगी स्ट्रांग रूम की निगरानी

# स्ट्रांग रूम की सुरक्षा एवं निगरानी हेतु कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती साधना परस्ते द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत संसदीय निर्वाचन क्षेत्र शहडोल की बड़वारा विधानसभा तथा खजुराहो संसदीय क्षेत्र की विधानसभा विजयराघवगढ़, मुड़वारा एवं बहोरीबंद में मतदान उपरांत कृषि उपज मंडी प्रांगण कटनी के स्ट्रांग रूम में जमा कराई गई है। ईव्हीएम एवं व्हीव्ही पीएटी मशीनों की सुरक्षा एवं निगरानी हेतु 03 जून तक कार्यपालिक दण्डाधिकारियों की ड्यूटी चार पालियों मे लगाई गई है।

समस्त कानूनी व्यवस्था के प्रभारी अनुविभागीय दण्डाधिकारी कटनी एवं नगर पुलिस अधीक्षक कटनी को नियुक्त किया जाकर प्रतिदिन की भ्रमण की रिपोर्ट कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगे। अपर कलेक्टर श्रीमती साधना परस्ते द्वारा जारी आदेशानुसार प्रथम सप्ताह 27 अप्रैल से 9 मई तक प्रथम पाली मे प्रातः 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक नायब तहसीलदार बड़वारा सुश्री अनुराधा सिंह एवं नायब तहसीलदार पहाडी अतुलेश सिंह, द्वितीय पाली में दोपहर 12 बजे से सायं 6 बजे तक नायब तहसीलदार सिलौंडी दिनेश कुमार असाटी एवं सहायक अधीक्षक भू-अभिलेख रामटेक हर्षवर्धन को दायित्व सौंपा गया है। तृतीय पाली में सायं 6 बजे से रात्रि 12 बजे तक नायब तहसीलदार बड़वारा इसरार खान तथा नायब तहसीलदार कन्हवारा शिवभूषण सिंह तथा चतुर्थ पाली में रात्रि 12 बजे से प्रातः 6 बजे तक तहसीलदार ढीमरखेड़ा आशीष अग्रवाल तथा नायब तहसीलदार बरही मनोज कुमार नामदेव को कंट्रोल रूम की सुरक्षा एवं निगरानी का दयित्व सौंपा गया है।

10 मई से 22 मई तक स्ट्रांग रूम की निगरानी हेतु प्रथम पाली का दायित्व तहसीलदार विजयराघवगढ़ मनीष शुक्ला, एवं तहसीलदार बरही नितिन पटेल, द्वितीय पाली हेतु नायब तहसीलदार उमरियापान अजय मिश्रा एवं सहायक अधीक्षक भू- अभिलेख चन्द्रभान सिंह, तृतीय पाली हेतु नायब तहसीलदार मुड़वारा -2 आकाशदीप नामदेव एवं नायब तहसीलदार बिलहरी आशीष कुमार चतुर्वेदी तथा चतुर्थ पाली हेतु नायब तहसीलदार बरही नरेन्द्र खरे एवं नायब तहसीलदार बड़ागांव खगेश भलावी को नियुक्त किया गया है। इसी तरह 23 मई से 3 जून तक स्ट्रांग रूम की निगरानी हेतु प्रथम पाली में तहसीलदार नजूल नेहा जैन एवं तहसीलदार स्लीमनाबाद सारिका रावत, द्वितीय पाली में नायब तहसीलदार सिनगौडी पी.के.वर्मा एवं नायब तहसीलदार बाकल आदित्य प्रकाश द्विवेदी, तृतीय पाली में तहसीलदार बड़वारा संदीप सिंह एवं सहायक अधीक्षक भू- अभिलेख ओम बाबू बघेल तथा अंतिम चतुर्थ पाली मे तहसीलदार बहोरीबंद गौरव पांडे तथा तहसीलदार ग्रामीण कटनी अजीत तिवारी की ड्यूटी लगाई जाकर रिजर्व दल में तहसीलदार कटनी बी.के.मिश्रा तथा तहसीलदार रीठी आकांक्षा चौरसिया को दायित्व सौपा गया है।

---

### बोरवेल खनन एजेंसियों और ठेकेदारों को ई-सर्विस पोर्टल पर भी कराना होगा पंजीयन

# जिले में अब खुले बोरवेल की निगरानी परख मोबाइल ऐप से होगी, पीएचई विभाग को दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर अवि प्रसाद के निर्देश पर जिले में खुले, असफल और असुरक्षित बोरवेलों और नलकूपों को बंद करने की कार्यवाही अभियान स्वरूप में सतत जारी है।खुले बोरवेल में छोटे बच्चों के गिरने की दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला प्रशासन संजीदा है। इसलिये अब कटनी जिले में नलकूप खनन करने वाली एजेंसियों और ठेकेदारों को मप्र ई-सर्विस पोर्टल पर अनिवार्य रूप से पंजीयन कराना होगा। इसके लिए मप्र राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम के माध्यम से परख मोबाइल एप भी तैयार कराया गया है।

कलेक्टर अवि प्रसाद ने मप्र ई-सर्विस पोर्टल पर बोरवेल खनन करने वाली एजेंसियों और ठेकेदारों का पंजीयन सुनिश्चित कराने का दायित्व कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को सौंपा है। कलेक्टर श्री प्रसाद के निर्देश पर बोरवेल एजेंसी पंजीकरण के लिए उपयोगकर्ता पुस्तिका भी तैयार कराई गई है।

#### जानकारी करनी होगी दर्ज

बोरवेल खनन के लिए स्थान और समय की भी सूचना पोर्टल और एप में देनी होगी।बोरवेल के सफल या असफल होने की सूचना देने के साथ असफल होने पर सुरक्षित रूप से बंद करने की फोटो भी अपलोड करनी होगी। लोकस्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री के एस डामोर ने बताया कि बोरवेल कराने वाले व्यक्ति या संस्था को इसके सफल या असफल होने पर अक्षांश एवं देशांतर सहित फोटो के साथ जानकारी मोबाइल एप पर दर्ज करनी होगी।

बोरवेल यदि असफल हो जाता है या किसी कारण से उसका उपयोग नहीं किया जा रहा है तो उसे रेत,मिट्टी,गिट्टी आदि से जमीन स्तर पर भरकर बंद कर कांक्रीट का ब्लाक बनाकर सुरक्षित करना होगा।

#### ऐप पर मिलेगी सारी जानकारी

असुरक्षित खुले नलकूप की शिकायत भी मोबाइल ऐप या सीएम हेल्पलाइन के माध्यम से की जा सकेगी। ऐसी शिकायत पर ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत तथा नगरीय क्षेत्रों में स्थानीय नगरीय निकाय द्वारा संज्ञान लेकर ऐसे असुरक्षित नलकूपों पर दुर्घटनाओं से बचाव के लिए सुरक्षा उपाय करवाए जाएंगे। एप के माध्यम से नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्र में उपलब्ध निजी एवं शासकीय, खुले एवं बंद नलकूपों की जानकारी भी संग्रहित की जाएगी। एप के उपयोग के संबंध में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों को जल्दी ही प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा।

#### लागू है प्रतिबंधात्मक आदेश

कलेक्टर श्री प्रसाद द्वारा बीते साल 12 दिसंबर को जिले की संपूर्ण सीमा क्षेत्र मे खुले हुए बोर और ट्यूबवैल को तत्काल ढ़ककर बंद करने के लिए प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया गया था। साथ ही 2 अप्रैल 2023 को आपदा प्रबंधन अधिनियम के तहत मानव जीवन की सुरक्षा की दृष्टि से सूखे कुँये, बावड़ी और खुले बोर को बंद करने का आदेश जारी किया था।इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के विरूद्ध आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धाराओं एवं भारतीय दंड संहिता की धारा 188 तथा उपयुक्त कानूनी प्रावधानों की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत वैधानिक और दाण्डिक कार्यवाही की चेतावनी भी दी गई थी।

#### रहें सावधान और सतर्क

कलेक्टर श्री प्रसाद ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि प्रायः नागरिकों एवं संबंधित संस्था द्वारा असफल बोरिंग और ट्यूबवैल को खुला छोड दिया जाता है। ऐसे बोर पर नजर रखें इन्हें बंद करायें। इस मामले मे सावधानी और सर्तकता बरतें। आये दिन अन्य किसी जिले से मासूम बच्चों के बोर मे गिरने की खबरें मिलती रहती है। इसलिए जनहित और सुरक्षा के मद्देनजर सावधान और सतर्क रहें।

#### जिले भर मे हुआ था सर्वे

कलेक्टर श्री प्रसाद ने बीते साल की अप्रैल माह में नगरीय निकायों और ग्राम पंचायतों के माध्यम से खुले बोरवेल और अनुपयोगी कुंओं का सर्वे कराया था और उन्हे बंद कराने निर्देशित किया था।

#### 800 खुले बोरवेल किये गए बंद

बीते साल के दिसंबर माह मे कलेक्टर श्री प्रसाद ने सभी एस.डी.एम से खुले बोरवेलों को बंद करानें की गई कार्यवाही की जानकारी तलब की थी। जिसमें करीब 800 खुले बोरवेलों की कैपिंग कर बंद करने की कार्यवाही की गई यह कार्य सतत रूप से जारी है। साथ ही कलेक्टर जल जीवन मिशन सहित समय-समय पर समय सीमा की बैठकों में भी अधिकारियों को निरंतर सचेत करते रहे कि नये खुदे बोरवेल जो असफल हो जाते है उनको बंद करने की कार्यवाही निरंतर जारी रखें और इनकी सतत निगरानी रखें। कलेक्टर समय-समय पर बोरवेल खनन से जुड़ी पूरी जानकारी संधारित करने और अनुपयोगी एवं खुले बोरवेल को सुरक्षित रूप से बंद कराने के निर्देश देते रहे है। इसके साथ ही कलेक्टर ने काफी अर्से से उपयोग में नहीं लाये जा रहे कई कुंओं को भी बंद करवाया था।

#### इन नंबरों पर दें सूचना

कलेक्टर श्री प्रसाद ने लोगों से अपील की है कि जिले के हर बच्चे की जिंदगी अनमोल है ऐसे मे यदि आपको जिले मे कहीं भी खुला बोरवेल एवं नलकूप दिखता है तो इसकी सूचना आपदा नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबरों 07622-220071 और 07622-220072 पर अवश्य दें।

खबर संक्षेप

## मतदान की गोपनीयता भंग करने वाले पर मामला दर्ज

**कटनी।** लोकसभा निर्चावन 2024 के द्वितीय चरण में खजुराहो लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक 8 विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 93 मुडवारा के मतदान केन्द्र केन्द्र क्रमांक 33 डिठवारा के मतदान में दिनांक 26अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन के द्वितीय चरण का चुनाव होना था ,जिसमें आशीष त्रिपाठी निवासी डिठवारा द्वारा मतदान कक्ष के अन्दर ई.व्ही.एम. मशीन में मतदान करने का फोटो खींचकर सोशल मीडिया में अपलोड कर सार्वजनिक कर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन एवं मतदान की गोपनीयता भंग की गई जिस पर फरियादी उमेश कुमार रनगिरे सी.एम.राईज विद्यालय बड़वारा कटनी द्वारा थाना कुठला में आवेदन प्रस्तुत किया पर प्रथम दृष्टया अपराध घटित करना पाये जाने पर आरोपी आशीष त्रिपाठी निवासी ग्राम डिठवारा के विरुद्ध थाना कुठला में धारा 188 भादवि एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धारा 128 के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध किया गया । जिले में इस तरह की यह दूसरी कार्यवाही है पूर्व में थाना स्लीमनाबाद में महिला के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध हुआ है ।

## अलग अलग क्षेत्रों में मारपीट की घटनाएं, जांच कर रही पुलिस

**कटनी।** कुठला थाना अन्तर्गत क्षेत्र में मारपीट के मामलों में पुलिस ने मामला दर्ज किया है। एक युवक के साथ जमकर मारपीट करने पर पीड़ित की शिकायत के आधार पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323, 506, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। बताया गया है कि शकुन कुमार उर्फ ठाकुर चौधरी के घर के सामने से संतोष कुमार चौधरी उम्र 32 वर्ष जा रहे थे। तभी प्रदीप चौधरी, राजकुमार उर्फ ठाकुर, शंकर चौधरी ने रास्ता रोका और फिर मिलकर मारपीट कर दी। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। थाना अन्तर्गत ही कन्हवारा में खैरमाई मंदिर के पहले युवक के साथ मारपीट की घटना हुई। पीड़ित व की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 323, 506, 34 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।' बताया गया कि रमेश कुशवाहा के साथ साजन कुशवाहा, अजय लोधी ने मिलकर मारपीट की और उसके बाद मौके से फरार हो गए। वारदात के बाद पीड़ित थाने पहुंचा और लिखित शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की पुलिस द्वारा जांच जारी है।

## युवक से मारपीट करने पर मामला दर्ज

**कटनी।** कोतवाली थाना अन्तर्गत कैलवारा में एक युवक से मारपीट की गई। मारपीट करने के बाद आरोपित चंपत हो गये। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 294, 323, 506 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। बताया गया है कि मनोज सोनी उम्र 38 साल के साथ शिवा सोनी ने विवाद करते हुए मारपीट की और फरार हो गए जिसके बाद पीड़ित थाने पहुंचा और लिखित शिकायत दी। शिकायत के आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया है। पुलिस अभी पूरे मामले की जांच कर रही है।

## चेक अनादरण पर व्यापारी को हुई सजा, राशि अदा करने निर्देश

**कटनी।** न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी निधि जैन की कोर्ट ने चेक अनादरण के मामले में कोर्ट ने व्यापारी को एक साल की सजा सुनाई है। अभियोजन के अनुसार, आरोपी कन्हैया लाल दारवाणी ने 15 से 25 फरवरी 2016 के मध्य 300 क्विंटल दाल के लिए 30.97 लाख का चेक राजेश कुमार जैन को दिया था जो बैंक से अनादरण हो गया। राजेश जैन ने चेक अनादरण का नोटिस भेज कर भुगतान के लिए कहा। भुगतान प्राप्त न होने पर प्रकरण कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने कन्हैया लाल को दोषी पाया और एक वर्ष का कारावास व ब्याज सहित कुल 53.49 लाख राशि अदा करने का आदेश दिया है। राशि नहीं देने पर 3 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा सुनाई है। परिवादी की ओर से लीलाधर जाटव व भूपेंद्र सिंह अधिवक्ता ने पैरवी की।

### ग्रामीण अंचलों में जलस्तर में गिरावट एवं बिजली की समस्या से बढ़ा सिरदर्द

# आग की लपटों सी चुभ रही सूर्य किरणें सितम ढा रही गर्मी, दोपहर में सन्नाटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गर्मी का सितम बढ़ता ही जा रहा है। कुछ दिन की राहत के बाद अब धूप तल्ख हो चुका है तो लू के थपेड़े शरीर को बेध रहे हैं। मौसम का अभी तल्ख तेवर देख आशंका जताई जा रही है आने वाला समय खास मुश्किल भरा हो सकता है। चिलचिलाती गर्मी ने लोगों को बेहाल करके रख दिया है। सूर्य देवता आग उगल रहे है। पंखे में रात काटना मुश्किल हो गया है। मध्यम वर्गीय परिवार को कूलर से ही थोड़ी राहत मिल रही है। गर्मी के साथ ही कूलर बाजार गर्म होने लगा है। इसके साथ ही ब्राडेड की आड़ में लोकल कूलरों ने बाजार पर कब्जा जमा रखा है।



### दोपहर से अधिक परेशानी

गर्म हवाओं के चलने से तापमान बढ़ने लगा है। सुबह 10 बजे के बाद से ही तेज धूप चुभने लगती हैं। 12 बजे के बाद धूप की तपिश काफी बढ़ जाती है। भले ही उमस भरी गर्मी अभी शुरू नहीं हुई है, फिर भी छांव में बैठने पर भी तपिश महसूस की जा रही थी।

भीषण गर्मी तो अभी आने वाली है लोगों को अभी करीब दो महीने तक गर्मी से छुटकारा मिलने के आसार नहीं दिख रहे है। तेज धूप और उसम के कारण लोग अपने घरों में कैद रहते हैं। दोपहर बाद सड़कों पर सन्नाटा पसर जाता है। रोजमर्रा से कार्य के लिए निकलने वाले लोग घरों से छतरी व गमछा बांधकर निकलते हैं। गर्मी के कारण लोग बुरी तरह से बेहाल हैं। बिजली कटौती से भी लोग परेशान नजर आ रहे हैं। मौसम विशेषज्ञों के अनुसार मौसम की मार अभी और बढ़ सकती है।

### बिजली-पानी की समस्या

पिछले कई दिनों से पड़ रही भीषण गर्मी व लू से लोग बेहाल हैं। वहीं बिजली, पानी की किल्लत भी लोगों को परेशान किए है। जिले भर में अधिकांश तालाब सूख चले हैं। कई इलाकों में हैंडपंप जवाब देने लगे हैं। कई ग्रामों के लोग पीने के पानी के लिए सार्वजनिक हैंडपंपों पर ही आश्रित हैं। गर्म हवाओं ने लोगों का सड़कों पर निकलना मुश्किल कर दिया है।

### खानपान पर रखें संयम

गर्मी में खानपान को लेकर विशेष सावधानी बरतने की जरूरत है। शरीर से अत्यधिक मात्रा में पसीना निकलने से जहा डीहाइड्रेशन की समस्या परेशान करती है, वहीं गंदगी भी कई बीमारियों की वजह बनती है। ऐसे में खाने-पीने का खास खयाल रखा जाए तो शरीर कमजोर होने और बीमारी की आशका काफी कम हो जाती है। दूसरी तरफ खाने-पीने में लापरवाही और कुछ अन्य जरूरी बातों का ध्यान न रखने पर मुश्किलें बढ़ सकती हैं। इस मौसम में शरीर में पानी का स्तर ठीक रखना बेहद जरूरी है। ऐसे पेय पदार्थो से बचें, जो पेट में गैस पैदा करते हैं। यह पाचनतंत्र को बिगाड़ता है। मौसमी फलों को ज्यादा तरजीह दें।

## कबाड़ दुकानें शिफ्ट करने नहीं हो रहे कारगर प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

शहर के लगभग हर रिहायशी क्षेत्र में कबाड़ की दुकाने संचालित होती देखी जा सकती है। कही खाली स्पेस में दुकाने है तो कही आसपास की अन्य दुकानों के साथ ही कबाड़ की दुकाने चल रही है। कबाड़ दुकानों में कई बार आग लगने की खबरे आम हो चुकी है। वही हर वक्त अंदेशा बना रहता है। इन्ही कारणों को लेकिन प्रशासन द्वारा कबाड़ व्यवसाय के शहर के बाहर आवासीय क्षेत्र में शिफट किये जाने की योजना तैयार की गई है लेकिन जल्द ही इस पर तय कार्ययोजना के बावजूद अमल होता नही दिख रहा है। गौरतलब है कि बीच शहर और मुख्य मार्गो में संचालित कबाड़ की दुकानों को एक स्थान पर व्यवस्थित करने की योजना पर अभी तक काम शुरू नही हो पाया है। शहर के मिशन चौक, आजाद चौक, बरगंवा, बस स्टैंड क्षेत्र में संचालित दुकानों को पहरूआ बायपास के पास शिफ्ट किया जाना है। इसे निगम ने अपनी योजना में शामिल किया था लेकिन प्रस्तावित योजना पर अभी तक काम आगे नही बढ़ पाया है। कबाड़ की दुकानों में पेपर, पुटटा, प्लास्टिक आदि के होने से गर्मी व अन्य समय में भी अग्निदुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

शहर में आधा सैकड़ा के लगभग कबाड़ की दुकाने है। इनके लिये दो हेक्यटर का क्षेत्र पहरूआ के पास प्रस्तावित है। घनी आबादी में संचालित होने के कारण बस्ती में भी खतरा बना रहता है। माधवनगर क्षेत्र में कुछ दिन पूर्व आग भड़की थी। उस दौरान संचालित कबाड़ की दुकान से ही आग भड़क गई थी। शहर में रोजाना लाखों का कबाड़ व्यापार होता है। प्लास्टिक सहित लोहा व अन्य सामग्री रिसाइलिंग होने के लिये जबलपुर, दिल्ली, मुजफपुर, भोपाल सहित अन्य शहरो को भेजा जाता हैं। दुकानों के अलावा सैकड़ो ठेले वाले भी कबाड़ एकत्र कर बड़ी दुकानों तक सामान पहुंचाते है।

दुकानों के बस्ती में संचालन से आग के खतरे की आशंका और बढ़ जाती है। यही परेशानी की बात है। बरंगवां से लेकर मिशनन चौक, बस स्टैड सहित अन्य स्थानों में कबाड़ का कारोबार नियमों को ताक पर रखकरर ल रही है। यहं भी नियमों को धता बताकर कर धजित्तयों उडडई जा रही है। मुख्य मार्ग से सटकर चलाये जा रहे व्यापार में आवागमन में बाधा होती है।

*नगर सहित उप नगरीय क्षेत्रों में हो रहा मनमाना कार्य*

## रिहायशी प्रयोजन के भवनों में कमर्शियल सेवाओं से लगाई जा रही राजस्व की चपत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

आवासीय प्रयोजन वाले मकानों का व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। नगर के 45 वार्डो में ऐसे मकानों की संख्या हजारों में होगी। बावजूद इसके मकान मालिक सिर्फ घरेलू कर अदा कर रहे है। इससे निगम प्रषासन को तगड़ी राजस्व क्षति पहुंच रही है। वजह साफ है घरेलू उपयोग से व्यवसायिक कर वाले प्रतिष्ठानों के टैक्स में बड़ा अंतर है।

दरअसल नगर व आसपास आवासीय मकानों में कारखाने, फैक्ट्रिया, बैंक व दुकानों के साथ साथ तमाम प्रतिष्ठान संचालित होने के बावजूद करो की अदायगी साधारण आवासीय प्रयोजन की दरो से ही की जा रही है जबकि मुनाफा व्यवसायिक दर पर हो रहा है।

### राजस्व चोरी से कमाया जा रहा प्रॉफिट

शहरी क्षेत्र इन दिनों आवासीय कम व्यवसायिक क्षेत्र ज्यादा नजर आने लगा है। वजह है मकानों मे कारखानें, फैक्ट्रियां, बैंक, दुकाने व तमाम तरह का व्यवसायिक कारोबार जिससे मकान मालिक को तो मुनाफा हो रहा है जबकि नगर निगम को राजस्व चपत लग रही है। आवासीय प्रयोजन के भवनों को व्यवसायिक उपयोग हो रहा है। लेकिन उसका टैक्स नही दिया जा रहा है। न लोग खुद टैक्स जमा कर रहे और न ही नगर निगम कर्मिषयल टैक्स वसूल रही। ऐसे में ये कथित राजस्व की हानि कर चांदी काट रहे है।

### घरों में चल रहे कारखाने

उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर की कालोनियों के मकानों के उपर छोटे छोटे घरेलू कारखाने चल रहे है। यहां किराना व्यवसाय से जुड़े आयटम तैयार किये जाते है। बच्चों के लिये बिस्किट कुरकुरे चाकलेट तैयार होती है।

### बैंक एवं काम्पलेक्स

शहर के अलावा उपनगरीय क्षेत्रों में भी अनेक क्षेत्रो में आवासीय भवनों में बैंक संचालित है। इन बैंको के आसपास पाकिग आदि की सुविधा भी नही है। कई काम्पलेक्स खुल गये है।

### कोचिंग सेंटर

कई कोचिंग सेंटर, किराये के मकानों में चल रहे है। इनमें से मकान मालिको को किराया आ रहा है। हजारों मकान ऐसे होगे जिनमें किरायेदार है। मकान मालिक किरायेदार से तो टैक्स वसुविाधओं के नाम पर उंची रकम वसूलते है लकिन खुद नगर निगम को व्यवसायिक कर तक नही चुका रहे। इस तरह हर ओर मनमानी का आलम है। दूसरी ओर निगम प्रषासन भी टैक्स वसूली की दिशा में उदासीन है।

## गर्मियों में पक्षियों की प्यास बुझाने वितरित किये सकोरे



सामाजिक संगठन विद्या लोक सेवा फाउंडेशन ने गर्मी में पक्षियों की प्यास बुझाने के लिए मिट्टी के बर्तन आम जनता को वितरित किए। यह पहल उन प्राणियों की देखभाल का एक महत्वपूर्ण कदम है जिन्हें गर्मी में जल की कमी का सामना करना पड़ता है। ऐसे पक्षियों की तो कई बार मृत्यु हो जाती है। बढ़ती शहरी बसाहट के कारण पक्षियों के अनुकूल क्षेत्र पहले ही समाप्त हो गए हैं अब इन पक्षियों को दाना पानी का भी संकट है। इसी को ध्यान में रखकर युवाओं के द्वारा यह स्तुत्य कार्य किया जा रहा है। संगठन द्वारा यह कार्यक्रम पिछले दो वर्षों से लगातार किया जा रहा है इस कार्यक्रम में भाजपा युवा मोर्चा माधव नगर मंडल अध्यक्ष हर्ष पांडे, अर्जित खरे, वैभव निगम, उत्कर्ष गुप्ता ,दीपक वर्मा, कृष्ण वर्मा ,आस्था प्यासी ,अन्य सदस्य मौजूद रहे।



## बोरवेल कार्य प्रतिबंध के विरोध में आज सौंपेंगे ज्ञापन, बेमियादी हड़ताल की शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर ने भीषण गर्मी में जलस्तर गिरने की आशंका को लेकर बोरवेल के कार्य को जिले भर में प्रतिबंधित करने का आदेश दिया गया गया है। रविवार को झिंझरी स्थित राधा स्वामी सत्संग भवन के समीप जिले के बोरवेल का कार्य करने वाले सैकड़ों व्यापारी गणों ने बोरवेल एसोसिएशन के अध्यक्ष के मार्गदर्शन में अनिश्चित कालीन हडताल शुरू की है। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि जिले में कुछ क्षेत्र का जलस्तर गिरा है लेकिन समूचे जिले में पेयजल की स्थिति भयावह नहीं है पर कलेक्टर के समूचे जिले में एक समान निर्देश से बोरवेर कारोबारियों के साथ न्यायोचित आदेश नहीं किया। कलेक्टर के आदेश से बोरवेल का कार्य पूरी तरह से ठप पडा है। ग्रामीण क्षेत्रों के हजारों मजदूरों के समक्ष रोजी रोटी संकट आ गया है। दो साल पहले भी कलेक्टर ने इसी तरह के आदेश दिये थे पर बाद में उन्होंने जांच कराकर जलस्तर गिरने वाले क्षेत्रों को छोडकर अन्य क्षेत्रों में बोरवेल की छूट दी थी। बोरवेल एसोसिएशन द्वारा आज 29 अप्रैल को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर मांग की जायेगी अन्यथा अनिश्चित कालीन हडताल कर विरोध प्रदर्शन जारी रहेगा।

*दो मोटर साइकिल सहित 22680 नकदी रूपए किये जब्त*

## बंडा के जंगल में चल रहा था जुआफड़, पुलिस ने दी दबिश, 5 को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



माधव नगर थाना की निवार चौकी पुलिस ने करीब आधा दर्जन जुआरियों को गिरफ्तार किया है। गत देर शाम माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर के नेतृत्व में निवार चौकी प्रभारी दुर्गेश तिवारी ने बंडा के जंगल में संचालित हो रहे जुए फड़ पर कार्यवाही करते हुए 5 जुआडियों को गिरफ्तार किया। जुआडियों के पास से पुलिस ने दो मोटरसाइकिल और नगद रुपए कुल 1 लाख 82 हजार 680 रुपए का सामान जप्त किया है। बताया जाता है कि अलग अलग स्थानों में जुआफड़ संचालित करने वाले बबलू भाई जान के ठिकाने पर कार्यवाही करने के लिए निवार पुलिस लगातार प्रयासरत रही।

चौकी प्रभारी दुर्गेश तिवारी ने बताया कि चौकी क्षेत्र में जुआ फड़ संचालित होने की सूचना मुखबिर द्वारा मिली थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक अभिजीत कुमार रंजन के निर्देशन अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉक्टर संतोष डेहरिया, नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमती ख्याति मिश्रा एवं माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में टीम गठित कर कार्यवाही को अंजाम दिया गया। सूचना के आधार पर ग्राम बंडा के जंगल में घेराबंदी करके पांच जुआड़ियों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के पास से 52 ताश के पत्ते, नगद 22680 रुपए एवं 160000 रुपए कीमत के दो मोटरसाइकिल कुल 182680 रुपए का माल जप्त किया गया। आरोपियों के खिलाफ 13 जुआ एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। आरोपियों को पकड़ने में माधव नगर थाना प्रभारी अनूप सिंह ठाकुर, निवार चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दुर्गेश तिवारी, उप निरीक्षक उदयभान मिश्र, सहायक उप निरीक्षक मनोज कूड़ापे, प्रधान आरक्षक लाल जी यादव, मनीष असैया, गौरव सेन, प्रशांत विश्वकर्मा, आरक्षक शिव, अरविंद कुशवाहा, अभय यादव, रविंद्र दुबे, राजेंद्र उईके की सराहनी भूमिका रही। निवार चौकी प्रभारी दुर्गेश तिवारी ने बताया कि फड़ को संचालित करने वाला बबलू भाईजान नामक फड़दार कार्यवाही के दौरान नहीं मिला। पुलिस उसे पकड़ने का प्रयास कर रही है।

### स्कूल शिक्षा विभाग ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टर को जारी किये निर्देश

# कटनी की तर्ज पर प्रदेश के प्रत्येक जिले में लगेंगे पुस्तक मेले

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निजी स्कूलों, प्रकाशकों और किताब विक्रेताओं की साठगांठ से अभिभावकों को राहत दिलाने कटनी में आयोजित किये गये पुस्तक मेला को मिली सफलता को देखते हुये अब राज्य शासन ने प्रदेश भर में इनका आयोजन करने के निर्देश दिये हैं । राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग ने इस बारे में प्रदेश के सभी जिलों के कलेक्टर को पत्र भेजकर नये शैक्षणिक सत्र में विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को उचित मूल्य पर पुस्तकें, यूनिफार्म, कापियां एवं स्टेशनरी आदि सुलभ कराने पुस्तक मेले का आयोजन करने कहा है



### जिले में लग चुका है पुस्तक मेला

ज्ञात हो कि राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग के उपसचिव मंजूषा विक्रांत राय द्वारा शनिवार 27 अप्रैल को प्रदेश के सभी कलेक्टर को पत्र लिखकर पुस्तक मेला आयोजित करने कहा गया है। लेकिन यहां बताते चलें कि कटनी जिले में कलेक्टर श्री अवि प्रसाद की पहल पर स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों को निजी स्कूलों की मनमानी से राहत दिलाने तथा प्रतिस्पर्धी एवं न्यूनतम मूल्य पर किताबें, कॉपियां, यूनिफार्म, जूते, टाई, स्कूल बैग एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराने साधुराम स्कूल परिसर में 18 से 20अप्रैल तक पुस्तक मेला का आयोजन किया जा चुका है। नागरिकों और अभिभावकों से पुस्तक मेला के प्रति अच्छा रिस्पांस जिला प्रशासन को मिला था ।

कटनी में आयोजित किये गये तीन दिवसीय पुस्तक मेले के आयोजन की अवधि के दौरान प्रदेश के कई जिलों ने इसमें रूचि दिखाई थी और स्थानीय अधिकारियों से सम्पर्क कर इस संबंध में जानकारी भी ली थी

### एक ही स्थान में लगाये स्टॉल

पुस्तक मेला के आयोजन के बारे में राज्य शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा जिला कलेक्टरों को दिये गये निर्देशों में कहा गया है कि यदि उनके जिले में निजी स्कूलों, प्रकाशकों और किताब विक्रेताओं की साठगांठ के कारण विद्यार्थियों और अभिभावकों को परेशानी हो रही है तो स्थानीय परिस्थितियों का आंकलन कर प्रत्येक जिले में उपयुक्त स्थान का चयन कर यथाशीघ्र इसका आयोजन किया जाये । स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा कहा गया है कि पुस्तक मेला में कॉपी-किताबों के साथ-साथ यूनिफार्म एवं अन्य शैक्षणिक सामग्री के स्टॉल भी प्रकाशकों एवं विक्रेताओं से लगवायें जायें, ताकि एक ही स्थान पर सभी सामग्री उचित और न्यूनतम दर पर उपलब्ध हो सके ।

### ली जा चुकी है अनुमति

कलेक्टरों को पुस्तक मेले के आयोजन में चुनावी आदर्श आचार संहिता का विशेष ध्यान रखने कहा गया है । स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा पत्र में बताया गया है कि पुस्तक मेले के आयोजन कि अनुमति भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त कर ली गई है ।

## पुलिस की समझाइश से उजड़ने से बचा परिवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

रीठी पुलिस की समझाइश से एक परिवार उजड़ने से बच गया। दरअसल पति से आपसी मनमुटाव के चलते पत्नी के मायके चले जाने और वापस ससुराल नहीं आने की जिद की जानकारी पुलिस के मिली। पुलिस ने पत्नी और पति को समझाकर दोनों के बीच सुलह कराई बल्कि पत्नी को पति के साथ ससुराल भी भिजवाया।

रीठी थाना प्रभारी राजेन्द्र मिश्रा ने बताया कि 27 अप्रैल 2024 को पति-पत्नी का मामूली विवाद का पता चला तो उन्होंने चौकी इंचार्ज को तत्काल जांच कर उचित कार्रवाई के लिए कहा। चौकी सलैया में पदस्थ पुलिस कर्मियों ने समझाइश देकर दो परिवार को मिलवाया गया है।

दरअसल अमगवां निवासी महिला की शादी 5 जून 2022 को बसेडी निवासी युवक से सामाजिक रीति रिवाज से की थी। पति और पत्नी के बीच मनमुटाव होने से मार्च माह मे अपने मामा के साथ अमगवां आ गई थी, तब से मायके से ससुराल बसेडी नहीं जा रही थी।

पति अपनी पत्नी को लेने अमगवां आया तो उसके सास-ससुर ने भेजने से इंकार कर दिया, तब पति ने चौकी सलैया में सूचना देकर पुलिस से मदद मांगी। चौकी सलैया में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक विजेंद्र तिवारी ने दोनों पक्षों के परिजनों की उपस्थिति में समझाइश दी, तब दोनों परिवार के बीच मतभेद पुलिस काउंसिल के बाद दूर हो गए। वहीं लड़की के पिता ने अपनी बिटिया को दामाद के साथ खुशी-खुशी भेज दिया। पुलिस की कांउसिलग से दो परिवार अलग-अलग होने से बच गए।

## खबर संक्षेप

### हाई स्कूल परीक्षा में पूर्णिमा सिंह सोलंकी ने अमानगंज में पाया पहला स्थान, 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किए



**अमानगंज।** नगर अमानगंज की प्रमुख शैक्षणिक संस्थान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमानगंज में अध्यनरत छात्रा कुमारी पूर्णमा सिंह सोलंकी ने वर्ष 2023- 24 हाई स्कूल परीक्षा परिणाम में अमानगंज नगर में पहला स्थान पाया। याद हो कि बच्ची ने कक्षा दसवीं की परीक्षा में 500 में से 469 अंक प्राप्त कर 93: के साथ नगर में पहला स्थान प्राप्त किया है। हिंदी, गणित, अंग्रेजी सहित सभी विषयों में विशेष योग्यता हासिल की। आपके पिता बालेंद्र सिंह सोलंकी और माताजी गुड्डी सिंह सोलंकी को स्कूल शिक्षा विभाग ने धन्यवाद दिया है। इस मौके पर स्थानीय नगर निकाय अध्यक्ष श्रीमती सारिका खटीक ने मेधावी छात्रा कुमारी पूर्णमा सिंह को बधाई देते हुए उसके उज्वल भविष्य की कामना की और संस्था प्राचार्य मनीष कुमार रेजा सहित विद्यालय के सभी शिक्षकों को बधाई दी है।

### अन्वी द्विवेदी ने किया नगर का नाम रोशन, जिले की मेरिट में प्राप्त किया प्रथम स्थान



**देवेन्द्रनगर।** पूत के पांव पालने में दिखते है इस कहावत को चरितार्थ करके दिखा रही है देवेंद्र नगर निवासी जगदीश द्विवेदी और शुमी द्विवेदी की पुत्री अन्वी द्विवेदी जिन्होंने 12 वी में गणित संकाय में 500 में 480 अंक प्राप्त कर जिले की मेरिट में पहला स्थान हासिल किया है। अन्वी द्विवेदी पहले भी 10 वी में मेरिट में अपना नाम दर्ज करा चुकी है। वर्तमान में रेनबो पब्लिक स्कूल की इस छात्रा ने अपनी मेहनत और लगन से अपने माता पिता सहित पुरे नगर का नाम रोशन किया है।अन्वी की सफलता पर सभी शुभचितकों ने शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की है। अन्वी ने बताया है को उनकी इस सफलता में उनके माता पिता का संघर्ष और गुरुजनों का सही मार्गदेशन का बहुत बड़ा योगदान है आगे वो प्रसासनीक सेवा में जाकर देश सेवा करने की इच्छा जाहिर करती नजर आईं।

### आज से होगी बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में तीन दिवसीय गिद्ध गणना

**उमरिया।** जिले में स्थित बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व प्रबंधन ग्रीष्म कालीन गिद्ध गणना की तैयारियों में लगा हुआ है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 29 अप्रैल से तीन दिवसीय गणना होगी। गिद्ध गणना में टाइगर रिजर्व के अधिकारी-कर्मचारी क्षेत्र में जाकर प्रपत्र को भरकर क्षेत्र संचालक कार्यालय भेजेंगे। तीन दिवसीय गिद्ध गणना के लिए कर्मचारियों को जानकारी और प्रशिक्षण दिया गया है। टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्रों में गणना होगी। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के नौ परिक्षेत्र के 139 बीट में 500 से ज्यादा अधिकारी-कर्मचारी गिद्धों की गणना करेंगे। अधिकारी कर्मचारी क्षेत्र में पैदल घूमकर गिद्ध गणना करेंगे। इस दौरान प्रपत्र में परिक्षेत्र, स्थान, संख्या और अन्य जानकारी भरकर क्षेत्र संचालक कार्यालय में जमा करेंगे। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के चार परिक्षेत्र ताला, पतौर, खितौली और पनपथा कोर एरिया में गिद्ध दिखाई देते हैं। बांधवगढ़ में मुख्य रूप से देशी गिद्ध, सफेद गर्दन वाले गिद्ध, राज गिद्ध, सफेद गिद्ध और यूरेशियन गिद्ध देखने को मिलते है। बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के उप संचालक पीके वर्मा ने बताया कि गिद्ध गणना की तैयारियां कर ली गई हैं।

### जिलाधीश सुधीर कुमार कोचर ने उत्साहवर्धन कर बढ़ाया मनोबल

# मेरिट सूची में स्थान बनाने वाले छात्र-छात्राओं को कलेक्टर ने किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

बोर्ड परीक्षा में प्रदेश की मेरिट सूची में अपना स्थान बनाने वाले दमोह के छात्र-छात्राओं से चर्चा करते हुए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा प्रशासन आपके साथ हैं, आप भविष्य में जो मुकाम हासिल करना चाहते हैं, पूरी तरह से सहयोग किया जायेगा। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने छात्र-छात्राओं का मनोबल बढ़ाते उनका उत्साहवर्धन किया। उन्होंने प्रत्येक विद्यार्थी व उनके पालक तथा शिक्षकों से चर्चा की। उन्होंने कहा आपने जिले का नाम रोशन किया, अपने माता-पिता का नाम रोशन किया, बहुत बधाई। साथ ही उन्होंने उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएं भी दी। सभी छात्र-छात्राओं को कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने पुस्तकों का सेट एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। सभी का परिचय लिया उनके माता-पिता का परिचय लिया तथा इन छात्र-छात्राओं को भविष्य में क्या बनना है ,उनकी क्या आवश्यकता है तथा इन मेरिट वाले छात्रों की जिला कलेक्टर से सहयोग की क्या अपेक्षा है। ज्ञात हो कि बोर्ड परीक्षा 2024 में कक्षा दसवीं के तीन व 12वीं के दो विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट सूची में अपना स्थान प्राप्त किया हैं। इस बार दमोह जिले से उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के चार व हटा एमएलबी की एक छात्रा ने मेरिट में स्थान पाया हैं। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी एसके नेमा, उत्कृष्ट विद्यालय के प्राचार्य एस एल अहरवाल, एडीपीसी एस के असाटी, ए पी सी मोहन राय, डीवीसी तामसील कुरैशी, उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक व सम्मानित होने वाले छात्र-छात्राओं के माता-पिता उपस्थित रहे।

## कक्षा दसवीं एवं बारहवीं के असफल विद्यार्थी रुक जाना नहीं योजना के तहत देंगे पुनः परीक्षा

### सभी 10 हजार विद्यार्थियों को 6 मई से 18 मई तक एक सघन ट्रेनिंग दी जाएगी

**दमोह ।** जिले के समस्त शासकीय हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी विद्यालय के प्राचार्यों की विवेक्स पर ऑनलाइन मीटिंग का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने समस्त प्राचार्यों को निर्देशित किया कि हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2024 में कक्षा दसवीं एवं 12वीं के सभी अनुत्तीर्ण विद्यार्थियों को रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत पुनः परीक्षा में पंजीकृत करेंगे। उन्होंने कहा उन्हें उन विद्यार्थियों की बहुत चिंता है जो 10वीं और 12वीं की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हुए हैं उन छात्रों के साथ हम लोग खड़े हुए हैं और उनके लिए राज्य शासन की रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत उनको पुनः परीक्षा देने का अवसर प्राप्त होता है, जिसके फॉर्म 05 मई तक भरे जायेगें। उन्होंने बताया जिले में 10वीं और 12वीं के मिलाकर लगभग 10 हजार विद्यार्थी ऐसे हैं जो की अनुत्तीर्ण हुए हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद इन विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के लिए एक माड्यूल तैयार कर रहे हैं, कोर्स तैयार कर रहे हैं, दमोह जिले के जो बेस्ट टीचर्स को इसमें शामिल किया गया हैं, वह कोर्स माड्यूल तैयार करेंगे और उसके बाद इन सभी 10 हजार विद्यार्थियों को इस आधार पर 06 मई से लेकर 18 मई तक एक सघन ट्रेनिंग दी जाएगी, उनकी कोचिंग कराई जाएगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा पंजीकृत करने के उपरांत सभी विद्यार्थियों की विषय विशेषज्ञों के द्वारा ऑफलाइन तथा ऑनलाइन कक्षाओं के माध्यम से आगामी 15 -20 दिनों में मिशन की तरह तैयारी कर उन्हें पास कराना हैं, जिले स्तर पर विषय विशेषज्ञों द्वारा ऐसा कंटेंट तैयार किया जाए जिसे विद्यार्थी आसानी से समझ सके। उन्होंने कहा मुझे पूरी आशा ही नहीं पूरा विश्वास है कि हमारे जो 10वीं और 12वीं कक्षा में विद्यार्थी जो किसी कारण से अनुत्तीर्ण हुए हैं उनको रुक जाना नहीं योजना के अंतर्गत वे फिर से उत्तीर्ण होंगे, अपना भविष्य उज्जवल करेंगे। उन्होंने विद्यार्थियों और उनके माता-पिता से पुनः आग्रह करते हुए कहा कि जो विद्यार्थी अनुत्तीर्ण हुए हैं वे बिल्कुल भी निराश ना हो, हम उनके साथ खड़े हैं, हम उनकी पूरी तैयारी करायेगें और हम यह सुनिश्चित करेंगे कि वे एक्जाम में बेहतर से बेहतर परफॉर्मेंस करें। उन्होंने कहा समस्त प्राचार्य इस कार्य को पूर्ण गंभीरता के साथ पूर्ण करेंगे। यह कार्य मिशन मोड पर पूरा किया जाएगा तथा उदासीनता बरतने में अथवा आदेशों का पालन न करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों पर सख्त कार्यवाही प्रस्तावित की जायेगी। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी एस के नेमा, सहायक संचालक नन्हे सिंह ठाकुर, एडीपीसी एसके असाटी, प्राचार्य डीके मिश्रा ने जानकारियां दी। बैठक का संचालन ए पी सी मोहन राय द्वारा किया।

## जीते जी कुछ ऐसा कर जाए कि लोग हमें हमारे नाम से नहीं काम से जानेः पं. देवकीनंदन सरवरिया





**बनवार।** भगवान का जन्म कितने कष्टों के साथ जेल में हुआ, लेकिन उनके जन्म लेते ही सारे बंधन टूट गए। जब-जब धरती पर अधर्म और अन्याय बढ़ता है, तब-तब उसका अंत करने के लिए भगवान अवतरित होते हैं।भगवान कृष्ण ने भी भक्तों के उद्धार एवं संसार से आसुरि शक्ति को नष्ट करने के लिए जन्म लिया एवं सृष्टि को श्रीमद् भागवत गीता का उपदेश दिया। इसकी राह पर चलकर हर मनुष्य सद्मार्ग को पा सकता है। यह बात छपरवाहा ग्राम ग्राम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के दौरान कृष्ण जन्म उत्सव में कही उन्होंने कहा हम माया को छोड़ेंगे, तो हमारी काया सुधार जाएगी प्रीत हमारी प्रभु से बढ़े, ये हमें संसार से तार देगी। इससे हमारा जीवन सुखमय व्यतीत होगा। जीवन जीते-जीते हम न तो माया को मार पाते है, न काया को सुधार पाते है। हम माया में जकड़े है । हम उसे छोड़ेंगे, तो हमारी काया सुधार जाएगी। त्याग करने वाला तर जाता है और भोगने वाला भोगते-भोगते मर जाता है। इस दौरान बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने भगवान श्री कृष्णा का जन्म उत्सव धूमधाम से मनाया।

## श्रीमद्भागवत कथा में धूमधाम से मनाया श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव

**दमोह।** इटवा लाडन बाग में दुबे परिवार द्वारा चल रही श्रीमद् भागवत कथा ,कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि जिस समय भगवान कृष्ण का जन्म हुआ जेल के ताले टूट गए, पहरेदार सो गए। वासुदेव देवकी बंधनमुक्त हो गए। प्रभु की कृपा से कुछ भी असंभव नहीं है। कृपा न होने पर प्रभु मनुष्य को सभी सुखों से वंचित कर देते है।कथा के चौथे दिन श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया। नन्हें बालक को कृष्ण के रूप में सजाकर पंडाल में लाते ही जय कन्हैयालाल के जयकारे गूंज उठे। भक्तों ने बाल कृष्ण को दुलार किया। भगवान को माखन-मिश्री का भोग लगाकर आरती की गई। कथा वाचक किशोरी वैष्णवी गर्ग द्वारा किया जा रहा है। कथा वाचक ने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन कर उनके जन्म का उद्देश्य भी बताया। भगवान का जन्म होने के बाद वासुदेव ने भरी यमुना पार करके इन्हें गोकुल पहुंचा दिया, वहां यशोदा के यह पैदा हुईं, शक्तिरूपा बेटी को लेकर चले आए, श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर नंद घर आनंद भयो जय कन्हैया लाल की गीत पर एवं संगीतकारों द्वारा सुंदर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध किया। इस अवसर ग्रामीण बासियो द्वारा भागवत जी का पूजन कर कथाव्यास का स्वागत कर आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में माताएं, बहनें व भक्तगण उपस्थित थे। मुख्य श्रोता पंडित माधव प्रसाद दुबे श्रीमती सुमतरानी दुबे एवं समस्त दुबे परिवार लाडन बाग इटवा दमोह रहे।

## शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले गरीब छात्र-छात्राओं के भविष्य पर क्या होगा गौर

**पन्ना।** शिक्षा ही विकास का प्रमुख आधार मानी जाती है। शिक्षा से ही भावी भविष्य के निर्माण को लेकर दिशा तय होती है। पन्ना जिले में निश्चितौर पर कई शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक धड़ल्ले से कोचिंग सेन्टर में शिक्षकों के द्वारा संचालन करते हुए शिक्षा प्रदान की जाती हैं अच्छी खासी राशि कोचिंग में छात्र-छात्राओं से लेना एक प्रमुख व्यवसाय बन गया है। वहीं शासकीय विद्यालयों में रिजल्ट को लेकर हाई स्कूल हो या हायर सेकेण्डरी परीक्षा परिणाम की बात करें तो उम्मीदें की जाती है पर शिक्षा को जब तक व्यवसाय से अलग करके नहीं दिशा तय की जायेगी तब तक सायद हालात कुछ कह पाना कठिन होगें निश्चितौर पर महानगरों में कोचिंग का व्यवसाय बाखूबी पनप रहा है। वह प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों को लेकर प्रमुख माना जाता है। पर पन्ना जैसे जिला मुख्यालय में हालात उन शिक्षकों से क्या जिम्मेदार जानेगें जो शासकीय विद्यालयों में पदस्थ है सरकार की वेतन से विद्यालय में शिक्षा प्रदान करते है वहीं कोचिंग के व्यवसाय को भी स्वयं अंजाम देते है क्या ऐसे शिक्षकों की सूची विभाग के द्वारा बनाई जायेगी क्या इन्हें कोचिंग को लेकर खुली छूट है या फिर कोचिंग के व्यवसाय को लेकर शासकीय सेवा के साथ-

**शासकीय विद्यालयों में पदस्थ शिक्षक धड़ल्ले से घरों में कोचिंगों का कर रहे संचालन जिम्मेदार कौन?**

सा थ इन्हें संचालन को लेकर कोई कानून नहीं। क्या विद्यालय में जो शिक्षक अपने विषय की शिक्षा प्रदान करने के लिए पदस्थ किये गये उनके परीक्षा परिणाम को लेकर जिम्मेदारी जो निहित होती है उस पर कितना गौर होता है वहीं कोचिंग में व्यवसाय को लेकर इनका ध्यान कितना रहता है साथ ही बात करें शासकीय विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं के तो अधिकत्तर छात्रायें गरीब घर के होते है। तभी तो शासकीय विद्यालयों में पढने के लिए पहुंचते है क्योंकि आर्थिक रूप से सम्पन्न परिवारों के बच्चे आरंभ से ही निजी विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करते है। यहां तो उन बच्चों के भविष्य दांव में लगते है जो आर्थिक रूप से सम्पन्न नहीं है मजबूर गरीब परिवारों के बच्चे जो शासकीय विद्यालयों में शिक्षा प्राप्त करते है वहां उन्हें सही तरीके से शिक्षा प्रदान करने को लेकर भी शिक्षकों के द्वारा उचित नहीं माना जाता। क्योंकि कोचिंग रूपी व्यवसाय कैसे चलेगा यह एक बड़ा सवाल है। अब यहां कोचिंग का संचालन अगर शासकीय शिक्षक सेवा का दायित्व निभाते समय पर करते है तो क्या यह उन छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ नहीं जिन्हें विद्यालय में वह शिक्षा जो मिलनी चाहिए वह सायद औपचारिकता साबित होती है। कोचिंग के लिए उनके पास अर्थ की व्यवस्था नहीं होती आखिर मजबूर गरीब छात्रों के साथ उनके भविष्य को लेकर क्या जागेगा प्रशासन।

## नगर के ककराई इलाके में लग रहा दिव्य दरबार

### तीन श्रेणी में ली जा रही पीड़ितों से शुल्क, सभी समस्याओं का निदान करने का किया जा रहा दावा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

सनातन हिंदू धर्म मैं हिंदू देवी देवताओं के नाम पर चमत्कार व झाड़ फूंक के नाम पर समस्याओं का निदान किए जाने के स्थानों पर लोग आंख मूंदकर विश्वास कर लेते हैं ओर वहां के मठाधीश लोगों के विश्वास का फायदा उठाकर उनकी आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं ऐसा ही एक स्थान हटा नगर के ककराई इलाके में देखने को मिला जहां लंबे समय से श्री बागेश्वर धाम सरकार की तर्ज पर एक युवक द्वारा अपने आवास पर सिद्ध क्षेत्र बजरंगबली मंदिर श्री सरकार धाम दिव्य दरबार एवं प्रेतराज सरकार दरबार हर मंगलवार एवं शनिवार को लगाया जा रहा है जहां सैकड़ों की संख्या में लोग पहुंचकर समर्थानुसार पर्ची कटवाकर समस्याओं के निदान हेतु झाड़ फूंक करवाते हैं। उल्लेखनीय है कि नगर के ककराई तलैया के पास धर्मेंद्र नामक युवक द्वारा अपने आप को श्री हनुमान जी की विशेष कृपा होना बताते हैं जो अपने आवास पर आंगन में श्री हनुमान जी की मूर्ति स्थापित कर संत महात्माओं की भगवा वेशभूषा में शनिवार एवं मंगलवार को दिव्या दरबार एवं प्रेत सरकार का दरबार कुछ दलालों के संरक्षण में लगाया जा रहा है। जहां नगर व दूरदराज से पीड़ित सैकड़ो महिला-पुरुष बच्चों से दरबार में सम्मिलित होने के लिए 30 की पर्ची काटी जाती है एवं कम भीड़ में संत जी से मिलने के लिए 50 की पर्ची एवं एकांत कमरे में मुलाकात करने हेतु 100 रुपए शुल्क देना पड़ती है। दरबार में संत जी द्वारा एक छड़ी के माध्यम सभी रोगों के साथ लोगों की सभी समस्याओं के निदान हेतु झाड़ फूंक की जा जाती है एवं कैंसर साइटिका लकवा जैसी गंभीर बीमारियों को ठीक करने एक बोतल में 100 रुपए की दवाई भी बेची जा

### धार्मिक सवालों के नहीं दे पाए जवाब

लंबे समय से नगरीय क्षेत्र की सीमा से सटे ककराई इलाके में चल रहे दिव्य दरबार में शनिवार को हरिभूमि संवाददाता ने पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए संत का बेश धारण किए महाराज से पूछताछ की तो उन्होंने बताया कि हनुमानजी की कृपा से यह सब किया जा रहा है। लोगों की समस्याओं का हल हो रहा है रोगों से लोगों को मुक्ति मिल रही है। और जब उनसे उनके गुरु के बारे में पूछा तब वह गोलमाल करने लगे। इसके उपरांत प्रतिनिधि द्वारा सुंदरकांड का श्लोक एवं प्रथम चौपाई पूछी तो वह बताने में आनाकानी करने लगे। यहां तक कि अपने आप को हनुमानजी की कृपापात्र बताने वाले संत जी हनुमान जी की लीला का कुछ भी बखान नहीं कर पाए। यहां तक की साधारण पूजा पाठ में बोले जाने वाले मंत्रो का उच्चारण भी नहीं बता पाए। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि श्री हनुमान जी की कृपादृष्टि के नाम पर दिव्य दरबार लगाने वाले युवक द्वारा लोगों की आस्था से खिलवाड़ किया जा रहा है।

## सत्ता में आसीन होने को लेकर देश के भावी भविष्य का सपना विश्व गुरू का कैसे होगा साकार

**राजनैतिक दल अब एक ही सिक्के के दो पहलू जैसे हालात बन चुके है। कांग्रेस हो या भाजपा सत्ता में आसीन होने के लिए जाति धर्म व अब तो आम आदमी की कमाई हुई राशि पर भी होने लगी राजनीति। कांग्रेस भाजपा से एक कदम आगे तय कर रही दिशा पहले ओबीसी को लेकर कार्ड वहीं आरक्षण पुराना रोग साथ ही अब तो अल्प संख्यक व विरासत में भी लगी नजर। कुर्सी को लेकर राजनीति को लेकर राजनैतिक पार्टियां कितने खेल खेलेगी क्या भावी भविष्य भारत देश को लेकर सिद्धांतों पर राजनेता करेगें गौर। या कि राजनीति के चलते देश के अदंर कई तरह से हालात विसमता के तय होगें।**

पन्ना

वर्तमान में राजनीति सत्ता में आसीन होने के लिए किस तरह से दिशा तय हो रही है। राजनैतिक पार्टियां अपने आप को बोट बैंक को ध्यान में रखकर किसी भी हद तक गुजरने को लेकर दिशा तय कर रही है। जिस तरह से हालात वर्तमान में आज जाति, धर्म को लेकर राजनीति हो रही है। कोई भी राजनैतिक दल उस पर विराम लगाने को लेकर आगे नहीं बढ़ रहा। बल्कि दो कदम आगे तय करने को लेकर जाने जा रहे है। भाजपा हो या कांग्रेस अब तो सत्ता का ही खेल भाजपा ने जहां स्वयं को अपने आप धर्म के क्षेत्र में ठेकेदार के रूप में पार्टी सनातन से लेकर मंदिरों कीराजनीति की दिशा तय की वहीं हिन्दू राष्ट्र में हिन्दूवादी विचारधारा से आगे की दिशा तयकी वहीं कांग्रेस एक कदम आगे निकली पहले भी आरक्षण का रोग दिया वहीं अब ओबीसी कार्ड जाति गत जनगणना का खेल इसके बाद अल्प संख्यक को ध्यान में रखकर देश में विरासत टैक्स के बहाने सम्पत्ति की ओर नजर आखिर कितना बांटोगें सत्ता में आसीन होने को लेकर राजनैतिक पार्टियां किस तरह से खेल खेल रहे है। भारत देश जहां सभी जातियों धर्म व विचारा धाराओं का समागम अनेकता में एकता का पाठ पढ़ाया था कौमी एकता जैसे सिद्धांत थे सब मिलकर देश को आगे बढ़ाने को लेकर सिद्धांतों की राजनीति के साथ जाने जाते थे आज ईमानदारी दफन हो गई योग्यता किनारे हो गई। अब तो आरक्षण धर्म को लेकर राजनीति हो रही वहीं अब विरासत टैक्स के बहाने सम्पत्ति पूर्वजों की अल्प संख्यक को दिशा तय करने को लेकर कांग्रेस का खेल वोट बैंक को नजर कहां तक जायज क्या भारत में जाति आधारित राजनीति के बाद अर्थ पर भी होगी राजनीति। आखिर योग्यताओं को पहले ही दर किनार किया श्रेष्ट भारत के निर्माण को लेकर बखान करते है तो सिद्धांतवादी राजनीति को पीछे छोड़कर कैसे संभव। नारी सम्मान की बात करतें है गरीबों के लिए रोजगार की करते है मुप्त में रेवड़ी की तरह राशि सीधे खाते में डाली जाती हैं आखिर यह कैसा न्याय। क्या सत्ता मं आसीन होकर देश को ऊंचाईयों में पहुंचाने के लिए मंहगाई व बेरोजगारी की बढ़ती खाई पर नजर नहीं डालनी चाहिए वहीं प्राकृतिक रूप से जो संकट की दिशा सामने तय हो रही है नदी पहाड़ नेताओ की राजनीति के चलते अपना असली स्वरूप खो रहे है। आखिर हालात क्या तय होगें कहने को तो जल ही जीवन है पर पानी की संभावनाओं को लेकर भविष्य के लिए क्या तय किया जा रहा है कुछ कह पाना कठिन। वहीं परिवारिक व बुजुर्गों के सम्मान को लेकर जिस तरह से हमारे देश में आदर्श थे आज वृद्धा आश्रम इनकी देन बन गये है। आखिर हमारे देश का मान सम्मान जो इतिहास खुद बयां कर रहा है आज हम इतिहास में कहां दिशा तय कर रहे है। क्या जागेगें राजनैतिक दल। जिससे सिद्धांतवादी राजनीति के साथ देश को विश्व गुरू का सपना साकार करने को लेकर हो दिशा तय।

## राम रमान्या प्रतिभा खोज परीक्षा का हुआ आयोजन




**दमोह।** बच्चों में सामान्य ज्ञान को बढ़ाने और एग्जाम में बैठने के अनुभव और कॉम्पटीशन में भाग लेने की प्रैक्टिस के लिए रमान्या फाउंडेशन द्वारा आयोजित की गई जिसमें दमोह व आसपास के बच्चों के अलावा सागर के सैकड़ों स्कूली बच्चों ने प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में हिस्सा लिया परीक्षा का आयोजन स्थानीय बस स्टैण्ड के पास शर्मा क्लासेस दमोह में किया गया। जिसमें CBSE एवं MP Board दोनों के बच्चे शामिल हुये । परीक्षा का संचालन सौरभ वर्मा प्रदेश समन्वयक म. प्र , राजकिशोर बोर्ड डारेक्टर रीजनल हेड अजीत डारेक्टर राम सिंह एवं शम्भू के निर्देशन में हुआ । कार्यक्रम को सफल बनाने विशेष योगदान प्रकाश शर्मा का रहा ।

# जब भीड़ ने मुनिश्री पर किया था उपसर्ग, न उपचार कराया न प्रतिवाद किया, समता पूर्वक कहा: मैंने उन्हें माफ कर दिया

## दृष्टांतः देश का प्रसिद्ध कार्यक्रम शंका समाधान का पटेरा में हुआ आयोजन, मुनिश्री प्रमाण सागर ने सुनाया उपसर्ग का वृतांत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य व अभिनव आचार्य श्री समय सागर जी महाराज के संघस्थ गुणायतन तीर्थ प्रणेता पूज्य मुनिवर श्री प्रमाण सागर जी देश के प्रख्यात दिंगबर संतो में से एक है। कुण्डलपुर में आचार्य पद पदारोहण महोत्सव के पश्चात मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज संघ के साथ विहार करते हुये पटेरा नगर पहुंचे जहां पर उनके सानिध्य में पटेरा जैन समाज धर्मलाभ ले रही है। मुनि श्री के प्रख्यात कार्यक्रम शंका समाधान का आयोजन रविवार को पटेरा के बड़ा मंदिर प्रांगण में आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम का लाईव प्रसारण पूरे देश में देखा जाता है। कार्यक्रम में मुनि श्री ने श्रद्धालुओं द्वारा रखी गई शंकाओं को समाधान किया। धर्म, समाज, राष्ट्र की चेतना को नये जागृति देने का काम मुनि श्री प्रमाण सागर जी अपने शंका समाधान कार्यक्रम के माध्यम से कर रहे है। कार्यक्रम के दौरान एक पूराना दृष्टांत मुनि श्री संधान सागर जी की शंका के समाधान में मुनि श्री प्रमाण सागर जी ने सुनाया। इसमें मुनि श्री के ऊपर हुये उपसर्ग में जानलेवा हमले के दौरान उन्होने समता परिणामों कैसे रखे इसकी बात पूछी।


मुनिश्री प्रमाण सागरजी महाराज

मुनि श्री प्रमाण सागर जी ने उत्तर देते हुये बताया कि अप्रैल 2006 को हुई उस घटना को उपस्थति सभी जनों को बताया। उन्होने कहा कि यह मेरे जीवन का ऐसा प्रसंग हुआ जो मै मानता मेरे जीवन की बहुत बड़ी परीक्षा का दौर था, और मुझे प्रसन्नता है कि मै पास हुआ। सन 2006 में हम लोग मुर्शीदाबाद जा रहे थे, भारत बांगलादेश की सीमा पर एक वर्ग हम लोगो की बड़ी जय जयकार कर रहा था। सुबह से लाईन लग जाती थी दर्शनों के लिये। उनमें से एक वर्ग ऐसा था जिनके मन में इस दिगंबरत्व के प्रति घोष विद्वेष का भाव भरा होगा। मालूम पड़ा आगे एक साथ 150 200 लोग कुछ बाधा उत्पन्न कर रहे थे। कोलकाता जैन समाज बहुत उत्साह के साथ हमारा विहार करवा रही थी, पुलिस फोर्स भी साथ में थी। जब कुछ अप्रिय स्थिति की सूचना मिली तो मैने कहा कि हम लोग आगे चलते है हमें किसी प्रकार का कोई प्रतिवाद नहीं करना। जब दूरी कुछ कम बची तो पता चला कि वहां डेढ दौ सौ लोग नहीं 1500 से 2000 लोग थे। इतने बड़े समूह को कुछ युवक लीड कर रहे थे। पूरा रास्ता ब्लाक कर दिया। पता नहीं गुरूदेव का क्या आर्शीवाद रहा कि उन लोगो ने रास्ता छोड़ दिया और हम लोग आगे निकल गये। इसी बीच सामने एक बस आ गई एवं लोगो ने बस को सड़क के बीच में लगवा दिया और रास्ता ब्लाक कर दिया। उन लोगो के सामने घातक अस्त्र थे। यह तो मेरा पुण्य है कि आप सबके बीच उपस्थित हू वरना मेरी जीवन उस दिन खत्म हो जाता। हमारे साथ जितने लोग थे उनके साथ उन्होने मारपीट की। करीब 60-70 लोग थे। पुरूष के घेरे के बाद महिलाओं ने सुरक्षा घेरा बना लिया। मै सुरक्षित था। हमारे बीच के लोग समझाने की कोशिश कर रहे थे। लेकिन वह लोग बड़े प्रचंड रूप से विद्रोही थे। मेरे मन में न भय हुआ न क्षोभ, मेरे मन सिर्फ एक ही विचार आया कि यदि इस काया का अंत इनके ही द्वारा आज होना है तो होगा पर मेरा तो कुछ होने वाला नहीं क्यूंकी मेरा तो एक आत्मा का प्रदेश भी इधर से उधर नहीं होगा। जो होना है वह होगा। मेरे मन मै आचार्य कुंद कुंद देव की एक गाथा आ रही थी। मै बस चल रहा था, देख रहा था। मेरे चेहरे पर सहज मुस्कान थी। ब्रम्हाचारी रोहित ( वर्तमान में मुनि श्री संधान सागर जी) व जीतू ने मुझे पकड़कर करीब 400 मीटर दौड़ लगाई। इसी बीच एक युवक ने एक पत्थर पीछे से मुझे मारा, सिर फूट गया। हाथ पीछे लगाया कि तो खून की धार बह रही थी। उसी स्थिति मैं करीब चार किमी तक चलना पड़ा। हालांकि जब तक पुलिस प्रशासन मुस्तैदी के साथ जुट गया। स्थल छावनी बन गई। वहां पहुंचकर सबसे पहले उपस्थित सभी की खैरियत पूछी। गुरूदेव तक संदेश पहुंचाया। इसके बाद उपचार के लिये डॉक्टर आय पर मैने टांके लगवाये। यदि ये लोग दौड़ नहीं लगाये होते, पता नहीं क्या होगा। इनके अंदर कहा से हिम्मत आ गई जैसे हनुमान की तरह बल इनमें आ गया यह लोग मुझे उठाकर लाये। इसी बीच रास्ते में कुछ पत्रकार आ गये जिन्होने पूछा कि आप कुछ कहना चाहेंगे, तो मैने कहा कि मुझे कुछ नहीं कहना, इन सब चीजें मत फैलाओं इनसे क्षोभ बढ़ता है। उन्होने पुनः प्रश्न किया कि क्या आप उन्हे माफ करेगे, मैने उत्तर दिया कि मैने उनहे माफ कर दिया। घटना के बाद बहुत लोगो की गिरफ्तारियां हुई, कुछ परिणाम भी आये। इसके बाद गुरूदेव को पूरी घटना बताई, गुरूदेव ने हाल चाल समाचार पूछा व बाद में एक प्रश्न पूछा कि तुमको डर और गुस्सा तो नहीं आया। मैने नहीं गुरूदेव बिल्कुल नहीं आया। उनहोने कहा कि बस तो फिर आप पास हो गये। जिसके ह्दय में अध्यात्म का बल होता है, तत्वज्ञान होता है वह बिना घबराये इन परस्थितियों से निकल जाता है। इसके बाद उस रास्ते पर किसी भी साधु पर कोइ उपसर्ग नहीं आया, वह अंतिम उपसर्ग था। ऐसी घटनायें कब घट जाये , यह पता नहीं, बस समता के परिणाम जीवन में हर परिस्थिति में रखना चाहिये।




इसके बाद मुनि श्री निर्वेग सागर जी ने अपनी शंका रखी जिसका भी मुनि श्री ने बड़ी सरलता से समाधान किया।

### जिले के नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक सम्पन्न, दिए गये अहम दिशा-निर्देश

# मई महीने में नाले और नालियों का बड़ा सफाई अभियान चलाया जायेगा, ताकि बारिश में समस्या न हो : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

हमने दो-तीन चीजें तय की हैं। पहला हमने तय किया हैं कि बारिश शुरू होने से पहले यानी की मई महीने के अंदर सभी नगरीय निकायों में नाले और नालियां हैं, इनका एक बड़ा सफाई अभियान चलाया जायेगा ताकि जब वर्षा होगी उस समय सड़कों एवं गलियों पर जल भराव की स्थिति निर्मित नहीं होगी और नागरिकों को बिल्कुल भी असुविधा का सामना नहीं करना पड़ेगा। इसके लिए सभी नगरीय निकायों के नगर पालिका अधिकारी प्लान बनाये। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित



नगरीय निकायों के अधिकारियों की बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा हम इस प्लान को 01 मई से 5 मई के बीच में क्रियान्वयन प्रारंभ करेंगे।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने आमजनों से कहा आपके घरों के चारों ओर नालियों की सफाई और दुकानों के चारों ओर जितनी नालियां हैं उनकी सफाई का काम शुरू किया जायेगा। यदि नालियों पर किसी प्रकार का अतिक्रमण हैं तो वह अतिक्रमण भी हटाया जाएगा। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुए कहा कि इस काम में आप नगर पालिका का सहयोग करिए ताकि बारिश में आपदा प्रबंधन और जल भराव की स्थिति को रोकने के लिए यह सबसे कारगर उपाय है और इस कार्य के लिए आप सभी से सहयोग की अपेक्षा की हैं। नाले और नालियों की सफाई को लेकर बड़ा अभियान शुरू कर रहे हैं। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिस प्रकार से दमोह में 22 स्थान चयनित किए थे, जहां पर बड़े पैमाने पर कचरा इकट्ठा होता हैं उनको हटाने का के लिए आज जिले के सारे नगरीय निकायों को निर्देशित किया हैं। वे अगले दो-तीन दिनों के अंदर उनके यहां पर कहां पर बड़े पैमाने में कचरा एकठ्ठा होता हैं, उन स्थानों को चिन्हांकित करके वहां से सुबह 08 बजे के पहले कचरा साफ करवाना प्रारंभ करेंगे। नालियों की सफाई और कचरे की सफाई के फोटोग्राफ्स भी जनता के बीच में लेकर जाएंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने नागरिकों से कहा यदि आपको कहीं पर ऐसा लगता है कि यहां पर नाली की सफाई नहीं हो रही है या फिर कचरे की सफाई नहीं हो रही हैं तो आप दमोह हेल्पलाइन के माध्यम से या मेरे सोशल मीडिया पर आप इस बारे में जानकारी दे सकते हैं। यह दो बड़े मिशन हम शुरू कर रहे हैं।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने करों की वसूली के संबंध में सभी से आग्रह करते हुये कहा हैं कि नगर पालिकाएं स्वतः निकाय हैं इसलिए इनको आय अर्जन करना बहुत जरूरी है, उनके आय के स्त्रोत यदि कमजोर पड़ते हैं तो नगर पालिका, नगरीय निकाय विकास के काम ढंग से नहीं कर पाती है, इसलिए खास तौर से संपत्ति कर और जल कर इनकी वसूली पर ध्यान देंगे। उन्होंने सभी से आग्रह करते हुये कहा कि आप समय पर अपने करो का भुगतान करें ताकि आपकी जो नगरीय निकाय हैं वह नगर के विकास के कामों को बहुत अच्छे तरीके से संचालित कर सके।

# घर में सिलेंडर से भड़की आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ दमोह

गर्मी के दिनों में आये दिन आगजनी से फसल व लोगो के घर मकान जलने की घटनायें सामने आ रही है। शहर की वसुंधरा नगर कॉलोनी स्थित यादव निवास पर शादी समारोह के दौरान सिलेंडर से अचानक आग लग जाने पर सनसनी फैल गई। रविवार दोपहर आग लगने की खबर पर तत्काल सिटी कोतवाली आनंद सिंह ठाकुर, चौकी प्रभारी सागर नाका बिंदेश्वरी पटेल, प्रधान आरक्षक प्रेमदास बैरागी, वीरेंद्र मिश्रा, आरक्षक नितिन ठाकुर, चालक मनीष सहित आसपास के



पड़ोसियों के द्वारा आग पर फायर ब्रिगेड के सहयोग से काबू पाया। मकान मालिक फूलचंद यादव वसुंधरा नगर निवासी ने बताया कि घर में शादी समारोह के दौरान भगवान का भोग बन रहा था, तभी अचानक रखे चार-पांच सिलेंडरों में से एक सिलेंडर से आग लग गई। अगर मौके पर पुलिस और स्थानीय लोग ना होते तो आग विकराल रूप ले सकती थी। समय पर लोगो द्वारा प्रयास कर आग पर काबू पा लिया। परिजनों के अनुसार कपड़े और सामग्री जली है, गनीमत रही कि ज्यादा नुकसान नहीं हो पाया।

# घटेरा टंकी से बंद है सप्लाई, पानी के लिए मचा हाहाकार

**बनवार**। जबेरा जनपद की आखिरी छोर में बसे ग्राम घटेरा मैं स्थित पेयजल टंकी तक पेयजल लाइन के पानी का प्रेशर नहीं पहुंचने या फिर कहीं तकनीकी कारणों घटेरा पानी की टंकी से बीते 12 दिनों से सप्लाई ठप भीषण गर्मी के मौसम में पानी की सप्लाई ठप होने होने से खासकर घटेरा ग्राम में हाहाकार मचा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है विभागीय लापरवाही के चलते टंकी खाली पड़ी हुई और ग्राम सभी वार्डों में घर तक जल नहीं पहुंच पा रहा है लोग पानी के लिए तरस रहे हैं घटेरा ग्राम में कुल वार्ड 12है जिसमें रेलवे लाइन के उस पार बसे पटेल मोहल्ला के दो वार्डो में रेलवे लाइन की वजह से पेयजल सप्लाई की पाइपलाइन नहीं पहुंच पाई जहां पर मैं लाइन है उसके आसपास कुछ घरों तक पानी की



सप्लाई डायरेक्ट में लाइन से की जा रही है। लेकिन ग्राम के 10 वार्डों में टंकी से पेयजल सप्लाई ठप है क्योंकि घटेरा की टंकी तक पहुंची। पाइप लाइन से पहुंचने के पहले रास्ते पढ़ने वाले गांव के बाल्व मेन बाल्व खोल देते है और अधिक दूरी आखिरी छोर में बसे घटेराग्राम की पानी की टंकी तक पानी का प्रेशर ही नही पहुंच पाता। जिसकी वजह से टंकी भर नहीं पाती है। खाली टंकी से ग्राम की वार्डों में पेयजल सप्लाई नहीं हो पाती है। टंकी तक पेयजल सप्लाई पाइप लाइन में तकनीकी खराबी के कारण लोगों को इसका लाभ नहीं मिल पाया है। यही कारण है गांव की 75 प्रतिशत आबादी तक टंकी की सप्लाई का पानी नहीं पहुंच पा रहा है। बाल्व मेन ओमकार रैकवार का कहना है टंकी भरने के लिए पाइपलाइन से पानी का प्रेशर नहीं पहुंच पाता है इस कारण से टंकी से सप्लाई प्रभावित होती है और पूरे ग्राम के वार्डो पेयजल सप्लाई नहीं हो पाती है। मेन लाइन के आसपास घरों तक मैं लाइन से डायरेक्ट सप्लाई से पानी पहुंचाया जा रहा है। टंकी से सप्लाई बीच बीच में ठप हो जाती इस कारण पेयजल की समस्या बनी हुई है।

# बिना लाइसेंस के ओटीसी दवाओं की चिक्की की अनुमति देने का प्रस्ताव गंभीर चिंता का विषयः राजेंद्र सिंघई

**दमोह**। ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने भारत में बिना लाइसेंस के ओवर-द-काउंटर दवाओं की विक्री की अनुमति देने के केंद्र सरकार के प्रस्ताव पर गहरी चिंता व्यक्त की है। दमोह जिला औषधि विक्रेता संघ के जिला अध्यक्ष राजेंद्र सिंघई प्रेस नोट जारी करते हुए बताया देश के स्वास्थ्य मंत्री, प्रमुख स्वास्थ्य सचिव, भारत के औषधि महानियंत्रक स्वास्थ्य सेवाओं के महानिदेशक राष्ट्रीय औषधि मूल्य निर्धारण प्राधिकरण के अध्यक्ष और अन्य संबंधित अधिकारियों को सौंपे गए एक विस्तृत ज्ञापन में, ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स ने इस प्रस्ताव से जुड़े महत्वपूर्ण जोखिमों पर चिंता व्यक्त करते हुए ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स के अध्यक्ष, जेएस शिंदे और महासचिव, राजीव सिंघल ने इस बात पर जोर दिया कि इस तरह का कदम मौजूदा दवा कानूनों, फार्मेसी विनियमों और माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों सहित प्रासंगिक कानूनी ढांचे का उल्लंघन करेगा।उचित विनियमन के बिना ओटीसी दवा बिक्री की अनुमति देने से गंभीर खतरे पैदा होते हैं, जिनमें निम्न शामिल है. लेकिन यह इन्हीं तक सीमित नहीं हैः- खतरनाक स्व-चिकित्सा और नशीली दवाओं का दुरुपयोग- फार्मासिस्ट परामर्श सेवाओं का अभाव - प्रतिकूल दवा प्रतिक्रियाओं का बढ़ता जोखिम नकली दवाओं का प्रसार - स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच में देरी दवा की अधिक मात्रा के कारण बीमारियों की अधिक घटनाएं दवा भंडारण के मानकों से समझौता अपर्याप्त फार्माकोविजिलेंस उपाय यह सभी खतरे और चैलेंज भी भी जनता के लिए होंगे। सरकार से इस प्रस्ताव के बहुआयामी निहितार्थों पर विचार करने का आग्रह करता है, जिसमें इस बात पर जोर दिया गया है कि सामान्य और किराने की दुकानों में दवाओं की अनियमित उपलब्धता समाज के सर्वोत्तम हितों की पूर्ति नहीं करती है। देश भर में 12.40 लाख केमिस्टों की सदस्यता के साथ, ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स स्वास्थ्य सेवा प्रणाली की अखंडता को कमजोर करने बाले किसी भी उपाय का दृढ़ता से विरोध करता है। संगठन इस मामले से संबंधित विनियमों के निर्माण में ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्ससहित सभी प्रासंगिक हितधारकों से परामर्श करने के महत्व पर जोर देता है।

# निर्यापक मुनिश्री सुधा सागरजी की बांदकपुर में भव्य अगवानी आज

## मुनिश्री विनम्र सागर, अजित सागर ससंघ का दमोह में होगा भव्य मंगल प्रवेश

**दमोह**। आचार्य भगवन 108 श्री विद्यासागर जी महामुनिराज एवम आचार्य श्री 108 समयसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य परम पूज्य मुनि संघो का कुंडलपुर में आचार्य पद पदारोहण कार्यक्रम संपन्न होने के बाद विहार प्रारंभ हो चुका है। रविवार 28 अप्रैल को मुनि श्री प्रमाण सागर जी महाराज की ससंघ आहारचार्य जहां पटेरा में संपन्न हुई वही निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी, मुनि श्री विनम्र सागर एवं मुनि श्री अजित सागर जी महाराज की संघ सहित आहारचार्य



हिंडोरिया के राजेंद्र पाठक मेमोरियल स्कूल प्रांगण में संपन्न हुई। दोपहर बाद जिज्ञासा समाधान कार्यक्रम भी यहीं पर संपन्न हुआ जिसमें संपूर्ण मुनि संघ का सानिध्य सभी को प्राप्त हुआ। वही शाम को विहार की बेला प्रारंभ हुई। बांदकपुर की सकल दिगंबर जैन समाज का पुण्य जागृत हुआ और मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज के पावन चरण हिंडोरिया से बांदकपुर की तरफ बढ़ गए। सोमवार को प्रातः बेला में बांदकपुर समाज के अध्यक्ष एवं सरपंच सुनील डबोल्या के साथ निर्यापक मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज की बांदकपुर में भव्य मंगल लगवानी की तैयारी की गई है। इधर दमोह जैन समाज के पुण्य से हिंडोरिया से शाम को मुनि श्री विनम्र सागर जी महाराज एवं मुनि श्री अजित सागर जी महाराज संघ का विहार दमोह की तरफ हुआ। सोमवार 29 अप्रैल को प्रातः 7 बजे धरमपुरा नाका पर दोनों मुनि संघो की अगवानी करते हुए सकल जैन समाज द्वारा गाजे बजे के साथ श्री पारसनाथ दिगंबर नन्हे जैन मंदिर जी में मुनि संघो का भव्य मंगल प्रवेश होगा। दिगंबर जैन पंचायत के अध्यक्ष सुधीर सिंघई, आलोक पलन्दी सहित सभी पदधिकारियो एवं नन्हे मंदिर कमेटी अध्यक्ष नवीन निराला, महामंत्री राजकुमार रानू पारस, मीडिया प्रभारी अटल राजेंद्र जैन सहित सभी पदाधिकारियी ने सकल जैन समाज एवं सभी धर्म प्रेमी जन से सुबह 7 बजे धरमपुरा नाका पहुंचकर मंगल आगवानी में सम्मिलित होकर पुन्यार्जन की अपील की है।

# पागल सियार के काटने से मवेशियों की मौत का सिलसिला जारी

**बनवार**। जनपद जबेरा के ग्राम बीजाडोंगरी में 2 अप्रैल को पागल सियार ने जहां बच्ची सहित तीन लोगों हमला बोला और कुछ मवेशियों को पागल सियार के काटने की घटना सामने आई थी। इसके बाद पागल सियार के काटने से मवेशियों के मौत का सिलसिला निरंतर जारी है जिसमें गुढ़ा निवासी हल्ले पटेल की दो भैंसों की मौत होने से पशुपालक को लाख रुपया की छाती हुई है। वहीं बीजाडोंगरी निवासी पशुपालक इंदलसिंह के बेल को भी पागल सियार ने काटा था जो पागल हो गया और लोगों को मारने दौड़ता है। किसान बेल को घर में बांध कर रखे हुए है इसके पहले किसान रतन सिंह के बेल पागल सियार काटने से मौत हो चुकी है ग्राम के पशुपालकों का कहना है। पागल सियार के काटने से जहा मवेशियों की मौतें हो रहे हैं। वहीं कुछ मवेशी पागल होकर गांव लोगों देखते ही मारने दौड़ते जिससे दहशत का माहोल बना हुआ है वही वन विभाग द्वारा जंगली सियार के काटने से दुधारू भैंसों और कृषि कार्य में उपयोगी बेलों की मौतों से वन्य जीव द्वारा पहुंचाई गई। क्षति पूर्ति का अभी तो कोई मुआवजा नहीं दिया गया है

In The Court Of II Additional Judge To I Civil Judge Class-I, District Court,Damoh
Presiding Officer: सूश्री सुनीता रावत
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक.
(MJC SUC/0000007/2024)
श्रीमती सरिता चौरसिया..................आवेदक Vs
शाखा प्रबंधक महोदय, भारतीय स्टेट बैंक शाखा, झारसुगुडा.........................अनावेदक
TID-719/2024
Process Id- /2024
प्रेषिती- पेशी दिनांक :- 30/05/2024
(1) आम जनता पता- दमोह जिला दमोह म.प्र.

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती सरिता चौरसिया पता ने मृतक ओमप्रकाश चौरसिया निवासी जिला झारसुगुड़ा उड़ीसा की कार्यालय भूषण पावर एण्ड स्टील लिमिटेड में व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा राशि 30,00,000/- राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 30 May 2024 को नियत है।
यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 30 May 2024 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत, यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा।
यह आज तारीख 19 April 2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।
1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

सुनीता रावत
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड
मुद्रा न्यायालय के द्वितीय अतिरिक्त न्यायाधीश
जिला दमोह (म.प्र.)

# नहाते वक्त युवती का शादीशुदा व्यक्ति ने बनाया अश्लील वीडियो

## शिकायत पर पुलिस ने किया मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ हटा

नगर में शनिवार को एक 50 वर्षीय व्यक्ति द्वारा युवती का नहाते वक्त अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है जहां पीड़ित अप की शिकायत पर पुलिस में आरोपी के विरुद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तार किया है। जानकारी के अनुसार नगरीय क्षेत्र में एक 18 बर्षीय युवती अपने परिवार के साथ किराए के मकान में रहती है जो शनिवार सुबह 11 बजे एक छत पर बने बाथरूम में नहा रही थी जिसका कुछ हिस्सा खुला हुआ था उसी दौरान कुछ ही दूरी पर पड़ोस में ही किराए के मकान में रहने वाला पान दुकान संचालक शादीशुदा 50 वर्षीय युवक छत पर आकर युवती का नहाते समय अश्लील वीडियो बना रहा था, तभी युवती ने सिरफिरे व्यक्ति को वीडियो बनाते हुए देख लिया तो वह बाथरुम से बाहर आ गई जिसका युवती द्वारा विरोध किया गया और वीडियो डिलीट करने के लिए कहा तो सिरफिरे युवक ने उसे जान से मारने की धमकी भी दे डाली तो युवती ने शोर मचाकर अपनी बहिन को बुलाया तो आरोपी मौके से भाग निकला। इसके बाद घटना की जानकारी युवती ने अपने माता पिता को बतायी ओर परिजनों के साथ हटा थाने पहुंचकर आरोपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। जहां हटा थाने में महिला पुलिस अधिकारी न होने की वजह से दमोह महिला पुलिस थाना ने शून्य पर मामला कायम कर अग्रिम कार्रवाई के लिए फाइल हटा थाना पुलिस को भेजा दिया है। घटना के संबंध में हटा थाना टीआई मनीष कुमार ने बताया गया कि पप्पी उर्फ संजय चोरसिया के खिलाफ धारा 354 (ग), 506 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है और घटना की जांच की जा रही है। नीतेश पटेल एसडीओपी हटा का कहना है पीड़ित युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ा गया एवं विवेचना जारी है आरोपी के मोबाइल की भी सायबर सेल से जांच कराई जाएगी जो भी तथ्य निकलकर सामने आएगा उसको जांच में लिया जाएगा।

मिशन अस्पताल
चर्च केम्पस, राय चौराहा, दमोह
हार्ट में ब्लॉकेज होने पर स्टेन्ट सुविधा, अत्याधुनिक कैथ लैब, एन्जियोग्राफी, पेसमेकर, वॉल्व सर्जरी, घुटना प्रत्यारोपण, कूल्हे व कमर की सर्जरी की सुविधा।
(आयुष्मान भारत योजना कार्ड धारकों के लिए भी सुविधा उपलब्ध)
हृदय रोग एवं छाती रोग एवं गहन चिकित्सा, लेप्रोस्कोपिक सर्जरी, महिला एवं प्रसूति, डेन्टल सर्जरी, डायलिसिस, सी.टी. स्कैन, सोनोग्राफी, इको कार्डियोग्राफी, टी.एम.टी., डिजिटल एक्सरे मशीन, ब्लड बैंक, फामेर्सी एम्बुलेंस एवं आकास्मिक चिकित्सा 24 घण्टे उपलब्ध।
जानकारी हेतु सम्पर्क करें-
9827370380, 8770445044, 9630822742